दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 197 जयपुर, बुधवार, 26 जून, 2024 | आषाढ़, कृष्ण पक्ष- पंचमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### अफगानिस्तान ने सेमीफाइनल में मारी एंट्री



**सेंट विंसेंट।** अफगानिस्तान टीम ने इतिहास रच दिया। उसने बांग्लादेश को डकवर्थ लुईस नियम से 8 रन से हराते हुए टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में एंट्री मार ली, जबकि ऑस्ट्रेलिया के सफर पर आखिरी कील ठोकी। मैच में बांग्लादेश ने अफगानिस्तान को पांच विकेट पर 115 रन पर रोक दिया था। लक्ष्य छोटा था, लेकिन लगातार बारिश के बीच राशिद खान की करिश्माई कप्तानी के बाद अफगानिस्तानी पठानों ने कमाल कर दिया। सेमीफाइनल में पहुंचने का मौका अफगानिस्तान, बांग्लादेश और ऑस्ट्रेलिया तीनों के पास था, लेकिन यह सब कुछ इस मैच पर निर्भर करता था। बांग्लादेश ने ऑस्ट्रेलिया को हराया था, जबकि कंगारू एक रात पहले ही भारत से हार गए थे। अब अफगानिस्तान का पहले सेमीफाइनल में 27 जून को सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा। वहीं, भारतीय टीम दूसरे सेमीफाइनल में इंग्लैंड से भिड़ेगी।

### केजरीवाल को CBI ने तिहाड़ जेल से किया अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सीबीआई ने तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया है। दिल्ली शराब नीति मामले में तिहाड़ जेल में बंद सीएम केजरीवाल से पूछताछ करने सीबीआई की टीम पहुंची थी। सीबीआई ने केजरीवाल से पूछताछ की और शराब नीति मामले से संबंधित उनका बयान दर्ज किया है।

पेज 7 भी देखें

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
अख़बार की प्रति प्राप्त करने के लिए
+91 96640 14179
+91 97830 45155
पर सम्पर्क कर अपना पता नोट करवाएं।

**खुशखबरी: प्रदेश में आगामी तीन-चार दिन में दिखेगा असर... अच्छी बरसात की जताई संभावना**

# मानसून की धमाकेदार एंट्री... उदयपुर-कोटा जमकर बरसेंगे मेघ

बेधड़क | जयपुर



प्रदेश में आखिरकार मानसून की एंट्री हो गई है। कोटा और उदयपुर संभाग से पहुंचे मानसून के अगले 3-4 दिनों में पूरे प्रदेश में असर दिख सकता है। इन संभागों के झालावाड़, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, बारां, कोटा, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, और उदयपुर में अच्छी बारिश के संकेत है।

प्रदेश में सामान्य तौर पर मानूसन 25 जून के आसपास ही प्रवेश करता है। इधर, मंगलवार दोपहर बाद भरतपुर, बाड़मेर और करौली में बारिश हुई। भरतपुर के रूपवास में बिजली गिरने से 14 साल की लड़की की मौत हो गई। जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अभी परिस्थितियां मानसून के अनुकूल है। अगले दो से तीन दिन के अंदर मानसून पूर्वी राजस्थान के कुछ और जिलों जैसे टोंक, भीलवाड़ा, राजसमंद, जयपुर और सवाई माधोपुर समेत अन्य जिलों में भी प्रवेश कर सकता है। मौसम विशेषज्ञों ने इस बार अच्छी बारिश होने की संभावना जताई है। पश्चिमी राजस्थान में अच्छी बारिश होने के संकेत हैं। वहीं पूर्वी राजस्थान में भी बारिश सामान्य से थोड़ी ज्यादा होने की भविष्यवाणी की है। दूसरी ओर मौसम विभाग ने 26 जून को 6 जिलों में हीटवेव की चेतावनी जारी की है।

### जयपुर में हल्की बारिश से मौसम सुहावना

राजधानी जयपुर में मंगलवार को दिनभर बादल छाए रहे। हवाएं भी चली। इससे यहां का मौसम सुहावना हो गया। अन्य दिनों के इतर मंगलवार को लोगों को गर्मी से राहत मिली। दोपहर बाद हुई बारिश ने तपती गर्मी पर ब्रेक लगाया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 2 से 3 दिनों में राजधानी में अच्छी बारिश हो सकती है।

### SDRF ने तैनात किए 550 जवान

एडीजी एसडीआरएफ ने मानसून को देखते हुए हमने कुल 51 टीमें बनाई गई हैं। इसमें 550 एसडीआरएफ के जवान और अधिकारी रहेंगे। इसके अलावा हमारी टीमों को मदद करने के लिए स्थानीय पुलिस, सिविल डिफेंस रहेगी। हमारी ओर से सेन्ट्रलाइज कंट्रोल रूम भी बनाया गया है। यहां पूरे प्रदेश के हालात पर सूचना अपडेट रहेगी। तैराक, बोट, स्कूबा सिलेंडर, लाइव जैकेट भी तैयार कर लिए गए हैं।

### भारी बारिश की जताई संभावना

मौसम विभाग ने 27 से 29 जून को दक्षिण पूर्वी राजस्थान में भारी बारिश होने की संभावना जताई है। कहीं-कहीं पर वज्रपात होने की संभावना भी बनी हुई है। ऐसे में आमजन और किसानों को सलाह दी गई है कि अगर मेघगर्जन हो रहा है तो पेड़, खंभा, मैटेनिक वस्तु के पास खड़े ना रहें। इस साल प्रदेश में मानसून का आगाज तय समय पर हुआ है।

## 72 साल में तीसरी बार स्पीकर पद के लिए होगा चुनाव




एजेंसी | नई दिल्ली

लोकसभा अध्यक्ष को लेकर आम सहमति बनाए जाने की तमाम कोशिशों पर फिलहाल पानी फिर गया है। विपक्ष ने नॉमिनेशन की डेडलाइन से ठीक पहले कांग्रेस सांसद कोडिकुन्निल सुरेश को इंडिया ब्लॉक का उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इसके कुछ ही देर बाद के सुरेश ने नामांकन पत्र भी दाखिल कर दिया। इससे पहले एनडीए की तरफ से बीजेपी सांसद ओम बिरला ने नॉमिनेशन किया। 72 साल में तीसरी बार स्पीकर को लेकर चुनाव होने जा रहा है। इससे पहले 1952, 1974 में भी स्पीकर को लेकर चुनाव हुआ है। स्वतंत्र भारत में 1952 में पहली बार स्पीकर को लेकर जीवी मालवणकर और शंकर शांताराम के बीच चुनावी मुकाबला हुआ था। उसके बाद 1976 में (आपातकाल के दौरान) भी स्पीकर के लिए चुनाव हुआ था। उस समय बालीग्राम भगत बनाम जगन्नाथ राव के बीच चुनाव था। अब 2024 में तीसरी बार चुनाव होने जा रहा है। अब तक पक्ष और विपक्ष के बीच सहमति से स्पीकर बनता आया है।

इससे पहले एनडीए की तरफ से स्पीकर चुनाव के लिए आम सहमति बनाने की कोशिश की गई और बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं ने इंडिया ब्लॉक के नेताओं से बातचीत की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने अलग-अलग नेताओं से मुलाकात की और फोन पर बातचीत की। सूत्रों का कहना था कि स्पीकर के नाम पर विपक्षी दलों के साथ सहमति बनती तो डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष दिया जा सकता है। हालांकि, विपक्ष का कहना है कि डिप्टी स्पीकर पद नहीं दिया जा रहा था, इसलिए बात बिगड़ गई।

### सात सांसदों ने नहीं ली शपथ

अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनकर आए सदस्यों का सदन में दो दिन तक चला शपथ ग्रहण कार्यक्रम मंगलवार को पूरा हो गया। अब तक 535 (कुल 542) सदस्यों ने लोकसभा की सदस्यता ली। 7 सांसद शपथ नहीं ले सके। इनमें TMC के शत्रुघ्न सिन्हा, दीपक अधिकारी, शेख नुरुल इस्लाम, सपा के अफजल अंसारी, कांग्रेस के सांसद शशि थरूर, निर्दलीय अमृतपाल सिंह और शेख अब्दुल राशिद उर्फ इंजीनियर राशिद शामिल हैं। अमृतपाल और राशिद फिलहाल जेल में हैं। राहुल गांधी दो जगहों से चुनाव लड़े थे। उन्होंने वायनाड से इस्तीफा दे दिया है। पेज 8 भी देखें

### प्रदेश के 21 सांसदों ने ली शपथ

**जयपुर।** लोकसभा में प्रदेश के 21 सांसदों ने शपथ ली। बांसवाड़ा से सांसद राजकुमार रोत ऊंट पर सवार होकर संसद पहुंचे। वहीं नागौर सांसद हनुमान बेनीवाल ने लहरिया पगड़ी पहनकर शपथ ली। सीकर सांसद अमराराम ने हाथ में संविधान की कॉपी लेकर शपथ ली। इससे पहले सोमवार को कैबिनेट मंत्री बनाए गए अलवर से सांसद भूपेंद्र यादव, जोधपुर के सांसद गजेंद्र सिंह शेखावत, बीकानेर के सांसद अर्जुन राम मेघवाल, अजमेर के सांसद भागीरथ चौधरी ने शपथ ली थी। झालावाड़-बारां से सांसद दुष्यंत सिंह ने शपथ लेने के बाद मप्र के दतिया स्थित पीतांबरा माई, राजस्थान और झालावाड़-बारां के जयकारे लगाए।

### भाजपा-कांग्रेस ने जारी किया व्हिप

लोक सभा अध्यक्ष के लिए बुधवार को होने वाले चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने अपने सभी लोक सभा सदस्यों को 26 जून को सदन में उपस्थित रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी किया है। कांग्रेस ने भी अपने सभी सदस्यों को उपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी किया है। एनडीए के उम्मीदवार ओम बिड़ला मजबूत स्थिति में हैं। उन्हें 293 सांसदों का समर्थन है। इनके अलावा कुछ निर्दलीय और अन्य छोटे दलों के सांसदों का भी उन्हें समर्थन मिल सकता है। दूसरी ओर विपक्ष के उम्मीदवार के. सुरेश के समर्थन में करीब 234 सांसद हैं।

### राहुल होंगे कांग्रेस संसदीय दल के नेता



नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को सदन में कांग्रेस संसदीय दल के नेता के रूप में नामित किया है। कांग्रेस ने औपचारिक तौर पर घोषणा कर दी है कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं रायबरेली से सांसद राहुल गांधी लोकसभा में कांग्रेस संसदीय दल के नेता होंगे। मंगलवार को दिन में हुई बैठक के बाद देर शाम कांग्रेस महासचिव ने यह घोषणा की। कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि राहुल का नाम प्रोटेम स्पीकर को भेज दिया गया है।

**'संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय में प्रतिबद्धता' विषयक संगोष्ठी को सीएम ने किया संबोधित**

# आपातकाल लोकतंत्र पर काले धब्बे के समान: मुख्यमंत्री शर्मा

बेधड़क | जयपुर



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि भारत के संविधान और लोकतंत्र में निष्ठा रखने वाले लोग 25 जून, 1975 का दिन कभी नहीं भूल सकते। आज जो लोग लोकतंत्र एवं संविधान बचाने का ढोंग कर रहे हैं, उनके द्वारा इस दिन देश में लागू किया गया आपातकाल लोकतंत्र पर काले धब्बे के समान है। शर्मा मंगलवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में संविधान संरक्षण मंच द्वारा आयोजित 'संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय में प्रतिबद्धता' विषयक संगोष्ठी में संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि संविधान हमारे देश का सबसे महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जो हमारे लोकतंत्र की नींव और सामाजिक न्याय की प्रेरणा है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के नेतृत्व में तैयार किया गया यह दस्तावेज न केवल हमारे संवैधानिक ढांचे को परिभाषित करता है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करता है कि हर नागरिक को समान अधिकार और न्याय मिले। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौर में देश में नागरिकों के मौलिक अधिकारों समेत सभी संवैधानिक अधिकारों को जबरन छीन लिया गया। मीडिया सेंसरशिप लागू कर अभिव्यक्ति की आजादी को रौंद दिया गया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार संविधान को सर्वोपरि मानती है। उन्होंने देश के संविधान की रक्षा का अपना वचन बार-बार दोहराया है और प्रदेश में भी संविधान की रक्षा का दायित्व हम पूरी निष्ठा के साथ निभा रहे हैं।

सीएम ने कहा कि पीएम मोदी और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकारों ने बाबा साहेब के आदर्शों को मानते हुए उनसे जुड़े तीर्थों का विकास किया।

वर्ष 2005 में मध्यप्रदेश में बाबा साहेब की जन्म भूमि तीर्थ के तौर पर महू में भव्य स्मारक बनाया गया। लंदन के जिस भवन में रहकर बाबा साहेब ने उच्च अध्ययन किया, उस भवन को शिक्षा भूमि तीर्थ रूपी स्मारक बना कर 2015 में राष्ट्र को समर्पित किया गया। दिल्ली में जिस भूमि पर बाबा साहेब ने अंतिम सांस ली, उस भूमि को अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने 2003 में अधिग्रहीत किया और पीएम मोदी ने यहां महापरिनिर्वाण भूमि तीर्थ स्मारक बना कर भव्य रूप दिया। मुम्बई के दादर में जहां बाबा साहेब का अंतिम संस्कार हुआ उस भूमि का तीर्थ स्मारक बनाने के लिए अधिग्रहण किया गया है।

### प्रबुद्ध वर्ग वंचित तबके तक पहुंचाए योजनाओं की जानकारी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने अल्प समय में ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि एक हजार से बढ़ाकर 1150 रुपए करने, किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ा कर 8 हजार रुपए करने, 73 लाख परिवारों की महिलाओं को 450 रुपए में गैस सिलेंडर देने जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने प्रबुद्ध वर्ग से आह्वान किया कि वंचित तबके को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अवगत कराएं ताकि वे भी समाज की मुख्य धारा में जुड़ सकें। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत, सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, विधायक रामसहाय वर्मा और जीएल वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

### सीएम ने मीसा बंदियों का किया सम्मान



आपातकाल के समय जेल गए मीसा बंदियों का राज्य सरकार की ओर से सम्मान किया गया। सीएमआर में आयोजित हुए मीसा बंदी लोकतंत्र सेनानी सम्मान समारोह में सीएम भजनलाल शर्मा ने सैकड़ों मीसा बंदियों को दुपट्टा पहनाकर और प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

**जातिगत भेदभाव**

# प्रदेश के छह जिलों के गांवों में आज भी जाति पूछकर काटे जाते हैं बाल

- आजादी के 77 साल बाद भी प्रदेश के कई गांवों में हो रहा जातिगत भेदभाव
- शिकायतों की रोकथाम के लिए एसपी व रेंज आईजी को दिए निर्देश
- मानवाधिकार आयोग के आईजी ने दिए एक्शन के निर्देश

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के छह जिलों गांवों में लोगों से जाति पूछकर सैलून पर उनके बाल काटे जाते हैं। यह चौंकाने वाली शिकायत मिलने के बाद में पुलिस के आला अधिकारी पशोपेश में पड़ गए। देश को आजाद हुए 77 साल हो गए, लेकिन अभी भी प्रदेश में कुछ जाति के लोगों के साथ जातिगत भेदभाव किया जा रहा है। ऐसी कई शिकायतें मानवाधिकार आयोग, सीएमओ, गृह विभाग व पुलिस के आला अफसरों को मिली हैं। शिकायतों के बाद पुलिस मुख्यालय मानवाधिकार आयोग के आईजी किशन सहाय ने सभी जिलों और रेंज आईजी को पत्र लिखकर ऐसे मामलों में संज्ञान लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सैलून संचालकों द्वारा कई जातियों के लोगों को बाल काटने से इंकार कर दिया जाता है। ऐसे सैलून संचालकों को चिह्नित करके कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, क्योंकि यह मामला मानवाधिकारों के श्रेणी में आता है।

### छह जिलों से मिल रही शिकायतें

पड़ताल में सामने आया कि आईजी मानवाधिकार द्वारा लिखे गए पत्र के अनुसार बाड़मेर, सिरोही, करौली, नागौर, जालौर व बालोतरा के लोगों ने शिकायतें की है। इन जिलों में रहने वाले भील, नायक, वाल्मीकि व मेघवाल जाति के लोग जब सैलून पर बाल कटवाने के लिए जाते हैं तो उनको सैलून संचालकों द्वारा बाल काटने से इंकार कर दिया जाता है। सैलून में प्रवेश के साथ ही दुकानदारों द्वारा पहले लोगों से जाति पूछी जाती है। उसके बाद में दुकान में बाल काटने के लिए बैठाया जाता है।



### बीट कांस्टेबल को चिह्नित करने के आदेश

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेशों के अनुसार आईजी किशन सहाय ने सभी जिलों के एसपी व रेंज आईजी को पत्र लिखकर निर्देश दिए हैं कि उनके जिले में अधिनस्थ थानाधिकारी को लोगों के मानवाधिकारों की सुरक्षा के लिए पाबंद किया जाए। बाल काटने से इंकार करने वाले सैलून संचालकों को बीट कांस्टेबल से चिह्नित कराए और उनको समझाइस कराए। अगर इसके बाद भी सैलून संचालक बाल काटने से इंकार करते हैं तो उनके खिलाफ नियमानुसार मानवाधिकारों का हनन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

## जरूरी खबर

### हिंदू समाज को धर्म की रक्षा के लिए होना होगा एक



**जयपुर।** राजधानी में सर्व हिंदू समाज द्वारा मंगलवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में हैदराबाद से विधायक टी राजा सिंह शामिल हुए। इस दौरान टी राजा सिंह का साफा, 51 किलो माला व तलवार भेंटकर स्वागत किया गया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक टी राजा सिंह ने कहा कि आज का हमारा हिंदू पुकारने वाला हिंदू हो गया, काम करने वाला हिंदू नहीं रहा, इसलिए हम सबको एक होना पड़ेगा। हम सबको एक होकर गाय के साथ-साथ धर्म को भी बचाना है।

### विधायक बनावत ने अवैध खनन की भेजी शिकायत

**जयपुर।** भरतपुर जिले के बयाना क्षेत्र में अवैध खनन को लेकर बयाना विधायक डॉ. ऋतु बनावत ने पूर्व विधायक बच्चू बंशीवाल, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र बुढवार व एक अन्य पर अवैध खनन का कारोबार करने का आरोप लगाते हुए वन मंत्री को लिखित शिकायत भेजी है। यह पत्र सामने आने के बाद विधायक डॉ. बनावत ने किसी भी व्यक्ति के खिलाफ नाम से शिकायत करने से इनकार किया है। इसके साथ ही विधायक ने बिना नाम का शिकायती पत्र भी साझा किया है। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता उनके पास अवैध खनन की शिकायत लेकर पहुंची थी। उन्होंने अवैध खनन के खिलाफ आवाज उठाने की बात भी कही।

### डोटासरा का बयान बेहद शर्मनाक: मिश्रा



**जयपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के बयान की सर्व ब्राह्मण महासभा ने कड़े शब्दों में आलोचना की है। राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने कहा कि डोटासरा ने एक मवाली छाप भाषा का इस्तेमाल आईपीएस अधिकारी रविदत्त गौड के लिए किया जो बेहद ही शर्मनाक है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के पद पर ऐसे लोग बेठे हे जो सरकारी कर्मचारियों के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल करके उनका मनोबल गिराने का प्रयास कर रहे हैं। एक अधिकारी के खिलाफ किसी पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष सिर्फ तालियां बजाने के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल करेगा तो कर्मचारी निर्भीक होकर अपनी जवाबदारी कैसे निभा पाऐंगे?

### राजस्थान शिक्षक संघ के अधिवेशन में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व RSS के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने किया...

# बच्चों में स्वालंबन, स्वाभिमान जैसे गुणों के निर्माण का आह्वान

बेधड़क | जयपुर

आज राजस्थान में 72 हजार से अधिक शासकीय विद्यालयों में राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) के कार्यकर्ता है। हम अपने विचार, दृष्टिकोण और विशिष्ट पहचान के लिए जाने जाते है।

2047 का भारत अर्थात स्वाधीनता के 100 वर्ष पूर्ण होने तक का यह समय देश का अमृतकाल है। शासन ने पंच प्रण का विचार दिया है जिनमे स्वमं का बोध, पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य और कुटुंब प्रबंधन के विषय हैं। हमें देश में नव जागरण लाना है। हमें विद्यार्थियों में स्वालंबन, स्वाभिमान





और दक्षता का विकास जैसे गुणों का निर्माण करना है। ये बात मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के क्षेत्र प्रचारक निंबाराम ने धौलपुर बिजोली में राजस्थान शिक्षक संघ के अधिवेशन में कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के छात्रों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करके उन्हें आगे लाना है। पिछले दशक में देश में स्वदेशी जागरण का भाव प्रगाढ़ हुआ है। वर्षो से चली आ रही सनातनी परंपरा और देशवासियों के उत्तम चरित्र के कारण भारत का एक गौरव है, जिसको सम्पूर्ण विश्व मानता है। योग दिवस का प्रस्ताव भारत द्वारा रखने पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निर्विरोध स्वीकार किया गाय। यह हमें विश्व गुरु की अनुभूति कराते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान क्षेत्र के प्रचारक निंबाराम थे। अति विशिष्ट अतिथि महेंद्र कपूर, राष्ट्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ, विशिष्ट अतिथि घनश्याम, अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान के क्षेत्रीय संगठन मंत्री और प्रदेश संगठन मंत्री, राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने की। इस दौरान प्रांत प्रचारक बाबू लाल, गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम भी उपस्थित रहे।

### शिक्षित नागरिक ही राष्ट्र की तरक्की का आधार: सीएम

सम्मेलन में संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) शिक्षक, शिक्षार्थी और राष्ट्रहित को ध्यान रखकर कार्य करने वाला संगठन है। शिक्षित और सक्षम नागरिक ही राष्ट्र की प्रगति का आधार होते हैं । शिक्षक अपने शिष्य का मार्गदर्शक, मित्र और प्रेरणास्रोत होता है। विद्यार्थी विद्यालय में जो कुछ सीखते है वह उनके जीवन को दिशा देता है। शिक्षक विद्यार्थियों में राष्ट्रीयता की भावना और संस्कारों का समावेश कर उन्हें कर्तव्यनिष्ठ नागरिक बनने के लिए प्रेरित करते हैं और राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका निभाते है। सीएम शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों में कौशल विकास, रोजगार परक शिक्षा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में नई शिक्षा नीति 2020 लागू हुई है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के आह्वान पर हम सभी अपनी-अपनी माता के नाम से एक वृक्ष अवश्य लगाएं।

### विद्यार्थियों के सामने पेश करें आदर्श: दिलावर

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि राष्ट्र निर्माता हमारे शिक्षक अच्छे नागरिक देने का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने आप को छात्रों के समक्ष आदर्श के रूप में प्रस्तुत करें ताकि छात्र आपका अनुसरण करते हुए अच्छे नागरिक बने। प्रदेश संगठन मंत्री घनश्याम ने कहा कि हम मात्र शिक्षक संगठन नहीं अपितु शैक्षिक संगठन है। हम शिक्षा और समूचे समाज की बात करते है। हम जनमत परिष्कार, पर्यावरण संरक्षण, कर्तव्यबोध करते हुए राष्ट्रहित के कार्य करते है। संगठन समूचे राज्य के 50 जिलों में कार्यरत है। इस संगठन के विचार मात्र से हमें गर्व की अनुभूति होती है। इस दौरान नवनिर्वाचित कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई।

### निवेशकों के लिए हर स्तर पर अनुकूल वातावरण तैयार करेगी सरकार

# देश के सबसे बड़े इन्वेस्टमेंट हब के रूप में उभरे प्रदेश: CM



बेधड़क | जयपुर

जयपुर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में निवेश की अपार संभावनाएं हैं। हमारी सरकार निवेशकों के लिए हर स्तर पर मदद कर अनुकूल वातावरण तैयार करेगी, जिससे देश-विदेशों से अधिकतम निवेश राज्य में आए तथा राजस्थान देश में सबसे बड़े 'इन्वेस्टमेंट हब' के रूप में उभरे।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट-2024 की तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट-2024 के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी अधिकारी पूरे मनोयोग से जुट जाएं तथा इस ऐतिहासिक आयोजन की प्रत्येक गतिविधि की नियमित मॉनिटरिंग करें।

उन्होंने कहा कि समिट में होने वाले विभिन्न एमओयू को केवल कागजों पर ही न रहकर धरातल पर उतारा जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ इस आयोजन का भव्य क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। आगामी समिट में आने वाले सभी निवेशकों के आतिथ्य सत्कार में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रचार-प्रसार किसी भी आयोजन की सफलता का मुख्य आधार होता है। अधिकारी प्रचार-प्रसार के लिए बेहतरीन कार्ययोजना बनाएं जिससे वैश्विक स्तर पर यह आयोजन चर्चा का विषय बने।

### सिंगल विंडो में प्रकरणों का समयबद्धता से हो निस्तारण

सीएम शर्मा ने कहा कि सभी उद्योगों को एक ही छत के नीचे निवेश संबंधी सभी प्रकार की सुविधाएं देने के लिए सिंगल विंडो का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। सिंगल विंडो के लिए विभाग द्वारा अलग से पूरा सिस्टम तैयार किया जाए जिससे उद्यमियों को निवेश में किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि संसाधनों का समुचित उपयोग कर निवेश संबंधी प्रकरणों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें। बैठक में प्रस्तुतीकरण के माध्यम से इन्वेस्टमेंट समिट की गतिविधियां, मुख्य समारोह का प्रारूप, वित्त, उद्योग, परिवहन, पर्यटन, जेडीए, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग सहित विभिन्न विभागों की भूमिका, नवीन प्रस्तावित नीतियां, मॉनिटरिंग मैकेनिज्म सहित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

### स्वदेशी उत्पादों को मिलेगा बढ़ावा

सीएम भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक ही छत के नीचे मार्केट प्लेस उपलब्ध कराने के उद्देश्य से देशभर में 'पीएम एकता मॉल' बनाए जा रहे हैं। इसके तहत जयपुर में भी शीघ्र राजस्थान यूनिटी मॉल का निर्माण किया जाएगा। इसके निर्माण से गुणवत्तापूर्ण स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्रामीण कारीगरों को भी उनके उत्पाद बेचने में मदद मिलेगी। इस दौरान उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, उद्योग राज्यमंत्री के के विश्नोई, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय शिखर अग्रवाल, प्रमुख शासन सचिव उद्योग अजिताभ शर्मा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## एबीवीपी प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि देश और प्रदेश की उन्नति में युवाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है तथा राज्य सरकार आपणो अग्रणी राजस्थान के संकल्प के अनुरूप युवा शक्ति के उन्नयन के साथ शिक्षित और समृद्ध प्रदेश के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि मण्डल से मुलाकात के दौरान सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि इस देश में युवा, महिला, किसान, गरीब जैसे चार वर्ग हैं, जिनके उत्थान के लिए राज्य सरकार लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी परिवर्तित बजट में युवाओं के कल्याण तथा सशक्तीकरण के लिए विभिन्न निर्णयों का समावेश किया जाएगा। इस अवसर पर युवाओं ने विश्वविद्यालयों में शोध को बढ़ावा देने, रोजगार के लिए विशेष अभियान, खेल सुविधाओं का विस्तार, महिला सुरक्षा, परंपरागत खेलों को बढ़ावा देने, भारतीय संस्कृति के प्रचार-प्रसार सहित विभिन्न विषयों पर अपने सुझाव भी दिए। इससे पहले संगठन के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ भेंट कर ध्येय यात्रा पुस्तक भेंट की। इस दौरान राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### संसाधन उपलब्ध कराने की मांग

## CM से अपराध रोकने सहित कई मुद्दों चर्चा



बेधड़क | जयपुर

कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत, राज्य मंत्री ओटाराम देवासी तथा बाली विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत ने मंगलवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की। इस दौरान विधानसभा क्षेत्रों में लगातार हो रही बिजली कटौती समस्या, चोरी-अपराध प्रकरण, पाली शहर में असामाजिक तत्वों द्वारा माहौल खराब करने संबंधी अन्य मुद्दों की ओर ध्यान आकर्षित किया।

इस दौरान क्षेत्र में लगातार हो रही भीषण गर्मी और आगामी बारिश के मौसम को देखते हुए बिजली कटौती कम से कम करने और पर्याप्त संसाधनों को उपलब्ध करवाने की मांग की। इस दौरान जनप्रतिनिधियों का कहना था कि बिजली कटौती के कारण क्षेत्र में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्र में जीवन दुश्वार हो गया है। शहरी क्षेत्र में कई लघु उद्योगों पर पड़ रहे कुप्रभाव से अवगत करवाते हुए इनके समाधान के बारे में चर्चा की गई। क्षेत्र में हो लगातार हो चोरी और अपराध की वारदात, पोमजी महाराज मंदिर में हत्या प्रकरण, बजरी माफियाओं के आतंक, बजरी की दर निर्धारण करने और पाली शहर में असामाजिक तत्वों द्वारा संचालित अवैध बूचड़खानों को बन्द करवाने और पशुधन को बचाने के लिए अवैध बूचड़खानों के विरुद्ध प्रदर्शन कर रहे आमजन पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किए जाने के प्रकरण एवं लगातार हो रहे अपराधों पर नियंत्रण करवाने के बारे में चर्चा की गई। सिरोही में अर्बुदा गोशाला के निर्माण कार्यों को शीघ्र शुरू करवाने की मांग की गई। सुमेरपुर एवं शिवगंज के बीच जवाई नदी पर नया पुलिया निर्माण करने, सड़कों और पुलों के निर्माण, तूफान में नुकसान के मुआवजा को शीघ्र दिलाने, सुमेरपुर बाली के लिए देवनारायण आवासीय योजना में आवासीय विद्यालय स्वीकृत करवाने की मांग और जोधपुर राई का बाग स्टेशन का नाम सुधार करने संबंधित विभिन्न मांगों को जल्द से जल्द पूरा करवाने का आग्रह किया है।

### केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री ने साधा कांग्रेस पर निशाना

## परिवार में बंट गई जीत वाली सीट: शेखावत

**जयपुर।** केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गांधी परिवार पर तीखा हमला बोला। लोकसभा अध्यक्ष पद पर विपक्ष की ओर से सर्वसम्मति न बनने देने और अपना उम्मीदवार खड़ा करने पर शेखावत ने जमकर जुबानी हमला किया।

उन्होंने कहा कि वैसे कांग्रेस में परिवारवाद को देखने का एक आईना ये भी है कि जहां जीत दिखी वहां सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अब प्रियंका गांधी तक परिवार में ही सीटें बांट ली गईं। जैसे लोकसभा क्षेत्र पुश्तैनी जागीर हो और जहां हार तय नजर आई, वहां कार्यकर्ताओं को झोंक दिया। उन्होंने तंज कसा, 'पाखंड की अति!' आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर शेखावत ने कहा कि भारत की जनभावना को बंदी बनाने के भयावह प्रयास का नाम था 'आपातकाल', जिसने कांग्रेस के चरित्र को देश और दुनिया के सामने लाया। स्वतंत्र भारत के इतिहास का 'काला दिवस' हमें याद दिलाने के लिए है कि लोकतंत्र और संविधान पर हमला करने वाले लोकतंत्र की शक्ति के आगे टिक नहीं पाते।

### किसान आयोग अध्यक्ष चौधरी ने कहा...

# राष्ट्र के विकास में अपनी सही भूमिका निभाए विपक्ष

बेधड़क | जयपुर

किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी मंगलवार को भीलवाड़ा में प्रेस से मुखातिब हुए। इस दौरान उन्होंने कहा देश में विपक्ष राष्ट्र के विकास के लिए अपनी भूमिका सही निभाए, तो पीएम मोदी तैयार हैं। विपक्ष तो केवल मात्र नारे लगाने व तख्तियां दिखाने के लिए ही जाने जाता है।

जिला भाजपा कार्यालय में आपातकाल के 49 साल पूरे होने पर काला दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान भाजपा जिला कार्यालय में लगी प्रदर्शनी का राज्य किसान आयोग के अध्यक्ष सीआर चौधरी ने अवलोकन किया। प्रदर्शनी के उद्घाटन के बाद सीआर चौधरी ने प्रेस से मुखातिब होते हुए कहा कि हमारे लोकतंत्र प्रहरियों को आपातकाल के समय अरेस्ट किया गया। उनका आज सम्मान हो रहा है। आपातकाल के समय 25 जून, 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा लगाया गया था। उस समय कैबिनेट को भी कॉन्फिडेंस में नहीं लिया गया। इंदिरा गांधी ने व्यक्तिगत कारण के ही आपातकाल लगाया।



उस दौरान विपक्ष में बीजेपी और संघ को टारगेट किया। आपातकाल के दौरान देश में 1 लाख 40 हजार लोगों को अरेस्ट कर जेल भेजा था।

### उपचुनाव के लिए भाजपा तैयार

खींवसर में उपचुनाव की रणनीति पर सीआर चौधरी ने कहा कि खींवसर में उपचुनाव है। भाजपा तैयार है। टिकट वितरण हाईकमान करता है। मेरे टिकट को लेकर पार्टी हाईकमान देखेगा। मुझे किसी को कहने व प्रयास करने की जरूरत नहीं है। पार्टी जो कहती है, वह काम में करने के लिए तैयार हूं। पार्टी उपचुनाव में अगर जिम्मेदारी देगी, तो मैं तैयार हूं। जैसे आज मैं उपाध्यक्ष के नाते काम कर रहा हूं। आज मुझे पार्टी ने चित्तौड़गढ़ जाने को कहा, आज मै चित्तौड़गढ़ व भीलवाड़ा आया।

### डोटासरा के बयान पर किया पलटवार

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के संघ और मोदी के बीच तल्खी के बयान पर सीआर चौधरी ने पलटवार करते हुए कहा कि यह डोटासरा का मानना है कि मोदी व संघ के बीच तल्खी है। जबकि हमारा मानना नहीं है। इस प्रकार के कहीं रिश्ते कटु नहीं हैं। सही राष्ट्र के डवलप के लिए विचार, परिवार हमेशा मार्गदर्शन देता है। उन्होंने कहा कि देश में किसानों को भाजपा ने इतना सहयोग एवं समर्थन दिया, फिर लोकसभा चुनाव में किसानों का साथ क्यों नहीं मिला? जिस सवाल पर सीआर चौधरी ने कहा कि चुनाव में किसानों की ही नहीं, कई जगह कई तरह की दिक्कत आती है। कई बार लोकल कैंडिडेट, कई बार जाति को लेकर दिक्कत आती है। हालांकि मोदी देश में चार ही जाती मानते हैं। युवा, नारी शक्ति, किसान व अन्य। उनको व्यवहार में आने में काफी समय लगेगा।

### प्रार्थी के इस्तगासे पर कोर्ट ने दिया आदेश

## पांच वनकर्मियों पर SC ST एक्ट में मामला दर्ज

**जयपुर।** कोतवाली थाने में रणथम्भौर के टूरिज्म डीएफओ सहित पांच वनकर्मियों के खिलाफ गाली गलौज, मारपीट और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का मामला दर्ज हुआ है। रणथंभौर टाइगर रिजर्व के टूरिज्म डीएफओ के खिलाफ एसटी-एससी कोर्ट सवाई माधोपुर के आदेश पर कोतवाली थाने में मामला दर्ज हुआ है। मुकेश मीणा पुत्र सीताराम मीणा निवासी मीणा कॉलोनी ने इस्तगासे के जरिए कोतवाली थाने में गाली मामला दर्ज कराया है। रिपोर्ट में मुकेश मीणा टूरिज्म डीएफओ प्रमोद कुमार धाकड़,





लखन लाल मीणा, हीराबाई गुर्जर, सोनम राजपूत, सुमन गुर्जर के खिलाफ पर्यटन ऑफिस में बुलाकर कर गाली गलौज, मारपीट करने और जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने का आरोप लगाया है। फिलहाल कोर्ट के आदेश पर कोतवाली थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच एसटी-एससी सेल के डीएसपी बृजेश सिंह को सौंपी है।

## जरूरी खबर

### पुलिस स्टेशन की खिड़की से कूदकर भागा बदमाश



**जयपुर।** राजधानी में मंगलवार रात एक बदमाश पुलिस स्टेशन से भाग गया। आरोपी को साइबर थाना पुलिस ने अरेस्ट किया था। कमरे में पूछताछ के दौरान पुलिसकर्मी के बाहर आने पर खिड़की से कूदकर आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी की तलाश में जगह-जगह दबिश दी, लेकिन उसका कोई पता नहीं लग सका। विधायकपुरी थाने में फरार बदमाश के खिलाफ पुलिस कस्टडी से भागने का मामला दर्ज करवाया है। एसएचओ साइबर थाना श्रवण कुमार ने बताया कि पुलिस कस्टडी से भागने वाला आरोपी दीपक सिंह (21) पुत्र राजेन्द्र सिंह खण्डार सवाई माधोपुर का रहने वाला है। उसके बारे में साइबर फ्रॉड के लिए फेक अकाउंट उपलब्ध करवाने का पता चला था। पुलिस टीम ने मंगलवार दोपहर आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन का रिमांड लिया था।

### सतर्कता शाखा ने हटाए अस्थाई अतिक्रमण

**जयपुर।** हेरिटेज नगर निगम की सतर्कता शाखा ने मंगलवार को अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए चार ट्रक सामान जब्त कर 10 हजार रुपए का चालान किया है। हेरिटेज निगम के सतर्कता उपायुक्त पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर सतर्कता शाखा के दस्ते ने कार्रवाई करते हुए जयंती बाजार, घी वालों का रास्ता, जनता कॉलोनी, अमरनाथ जी की बगीची, जवाहर नगर, जौहरी बाजार, चांदपोल बाजार, अस्थाई अतिक्रमण को हटाया। इस दौरान राजस्व निरीक्षक बेद्यनाथ कौशिक के नेतृत्व में दस्ते ने चार ट्रक सामान जब्त किया गया, साथ ही 10 हजार रुपए का चालान भी किया गया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**बासबदनपुरा में प्रदर्शन:** पीने के पानी के लिए रोड पर उतरी महिलाएं

# सड़क पर रस्सी लगाकर रोका ट्रैफिक, पुलिस चौकी घेरी

बेधड़क | जयपुर

मानसून राजस्थान में दस्तक दे चुका है, लेकिन अब भी जयपुर शहर में लोग पीने के पानी के लिए परेशान है। मंगलवार को दोपहर बाद चारदीवारी के पास स्थित बासबदनपुरा एरिया की खारवाल बस्ती की महिलाओं ने परेशान होकर बदनपुरा चौकी का घेराव कर दिया और रास्ते पर धरना देकर बैठ गईं।

दरअसल, बासबदनपुरा में अब तक पानी की सप्लाई शुरू नहीं हुई। यहां पीएचईडी की तरफ से टैंकर के जरिए ही पानी सप्लाई होता है। स्थानीय महिला शांति देवी ने बताया कि यहां करीब 100 से ज्यादा परिवार 50 साल से रह रहे हैं। यहां 50 साल से पानी की सप्लाई अब तक शुरू नहीं हुई। कुछ समय पहले सरकार ने यहां लाइन बिछाने का काम शुरू किया तो कुछ जगह लाइन डालने के बाद काम बंद कर दिया। आज भी यहां 100 से ज्यादा परिवार के लोग टैंकर से पानी भरकर अपना गुजर-बसर कर रहे हैं।



### बारिश आई तो भी बैठे रहे धरने पर

मंगलवार को पानी की सप्लाई नहीं होने से परेशान महिलाएं दोपहर करीब 3 बजे धरने पर बैठ गईं। पुलिस चौकी की सामने दो दर्जन से ज्यादा महिलाएं और पुरुष रस्सी लेकर खड़े हो गए। सड़क बंद कर दी। इससे ट्रैफिक रुक गया। इस दौरान बारिश शुरू हो गई तो महिलाएं सड़क पर ही धरने पर बैठ गईं।

### दो दिन में शुरू हो जाएगा काम

विरोध बढ़ता देख जेईएन सुरभि पुलिस चौकी पहुंची। उन्होंने प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आश्वासन दिया कि दो दिन का समय दें, विभाग यहां दोबारा लाइन बिछाने का काम शुरू करवा देगा।

### लोगों ने ही बंद करवा दिया काम

जेईएन ने बताया कि आप ही में से कुछ लोगों ने विरोध करके यहां काम कर रहे ठेकेदार के कर्मचारियों को भगा दिया था। जेईएन ने बताया कि इस कॉलोनी में 100 मीटर से ज्यादा लम्बाई में लाइन बिछाने का काम शुरू किया था, लेकिन 40 मीटर में लाइन बिछने के बाद लोगों ने ही काम बंद करवा दिया।

**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने किया** ड्रेनेज प्रोजेक्ट का शिलान्यास

# सीकर रोड पर मानसून में अब नहीं होगी जलभराव की समस्या

■ वार्ड नं 4 में 2.30 करोड़ के जल निकास ड्रेनेज के निर्माण कार्य का भी किया शिलान्यास

बेधड़क | जयपुर

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को 36.88 करोड़ लागत से बन रहे सीकर रोड ड्रेनेज प्रोजेक्ट का शिलान्यास किया। दिया कुमारी ने कहा कि मानसून में जल-भराव की समस्या से सभी लोग बरसों से परेशान थे, परन्तु आज इस ड्रेनेज प्रोजेक्ट के शिलान्यास के बाद अब इस समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल पाएगी।

सीकर रोड ड्रेनेज प्रोजेक्ट का निर्माण कार्य पूरा होने से भवानी निकेतन, ढेहर के बालाजी, अल्का सिनेमा, 1 नंबर सन एण्ड मून, मुरलीपुरा व विद्याधर नगर आदि क्षेत्र से गुजरने वाले लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही वार्ड नं 4 में दो करोड़ 30 लाख रुपए की लागत से सर्वोदय कॉलोनी से लालाराम नगर बढारना में जल निकास ड्रेनेज का निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में विकास के कई बड़े प्रोजेक्ट, रेलवे ओवर ब्रिज, बालिका कॉलेज और सेटेलाइट हास्पिटल आ रहे हैं। अन्य जन समस्याओं की निराकरण के लिए मैं जल्द ही इलाके में साप्ताहिक जनसुनवाई शुरू करने जा रही हूं।



### 26.52 करोड़ रुपए के कार्यादेश जारी

बता दे कि सीकर रोड ड्रेनेज प्रोजेक्ट के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण ने इसके लिए 26.52 करोड़ रुपए के कार्यादेश जारी कर दिए गए हैं। सीकर रोड ड्रेनेज प्रोजेक्ट के पहले चरण में 16.09 करोड़ की लागत से सीकर रोड के पूर्वी तरफ तथा 20.53 करोड़ की लागत से सड़क की पश्चिमी दिशा में नाले का निर्माण किया जाएगा। दूसरे चरण में वीकेआई से सेन्ट्रल स्पाइन होते हुए बड़ी-खेड़ा और मुरलीपुरा में 19.21 करोड़ की लागत से नालों का निर्माण करवाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तीसरे चरण में 13.29 करोड़ की लागत से बाईपास रोड और खेतान अस्पताल के पीछे नाले का निर्माण करवाया जाएगा। इस दौरान जिला पदाधिकारी, समस्त मंडल अध्यक्ष, समस्त वार्ड पार्षद, मोर्चा अध्यक्ष, वार्ड अध्यक्ष, जनप्रतिनिधिगण, व्यापार मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं विद्याधर नगर की जनता मौजूद रही।

**स्वास्थ्य शाखा की कार्रवाई**

# निगम ने वसूले 99 हजार रु., 150 किलो प्लास्टिक जब्त



बेधड़क | जयपुर

हेरिटेज निगम की स्वास्थ्य शाखा ने सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाते हुए मंगलवार को 99 हजार 880 रुपए का कैरिंग चालान किया है। इस अभियान के संबंध में उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका ने बताया कि हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें निगम की सीएसआई-एसआई टीम ने 36400 रुपए कैरिंग चार्ज, चालान प्रकोष्ठ ने 39000 रुपए और वॉच राइडर ने 24100 रुपए का कैरिंग चार्ज वसूल किया, साथ ही 150 किलो प्लास्टिक भी जब्त की है।

हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि प्लास्टिक पर्यावरण के लिए बहुत हानिकारक है। इसका उपयोग नहीं करना चाहिए।

**मेयर ने पीएम आवास लाभार्थियों से किया संवाद**

# 44 लोगों को आवास स्वीकृत 43 को किस्त की राशि जारी

बेधड़क | जयपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के नौ साल पूरे होने पर हेरिटेज निगम मुख्यालय में मंगलवार को पीएम आवास के लाभार्थियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में हेरिटेज महापौर मुनेश गुर्जर ने लाभार्थियों से योजना के तहत मकान निर्माण संबंधी जानकारी ली, साथ ही उनसे योजना का फीडबैक भी लिया। हेरिटेज निगम के एक्सईएन कमलेश जैमन ने बताया कि हेरिटेज निगम के अधीन पीएम आवास योजना में कुल 44 लाभार्थियों को स्वयं का मकान बनाने के लिए स्वीकृति दी गई, जिसमें 43 लाभार्थियों को किस्त की राशि जारी कर दी है। वहीं, 21 लोगों के मकान का निर्माण पूरा हो चुका है। मंगलवार को सभी लाभार्थियों से योजन के संबध में फीडबैक लिया गया। सभी लाभार्थियों ने पीएम आवास योजना को लेकर सरकार का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर जिला परियोजना अधिकारी अमित शर्मा सहित अन्य निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे।



### खुद हटा रहे अतिक्रमण



**जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा 26 जून से न्यू सांगानेर रोड को चौड़ा करने का अभियान चलाएगा। सांगानेर पुलिया से मानसरोवर मेट्रो स्टेशन तक पृथ्वीराज नगर क्षेत्र की तरफ अतिक्रमण हटाए जाएंगे। व्यापारियों ने भय एवं नुकसान के डर से अपने-अपने निर्माण स्वयं ही हटाना शुरू कर दिया है। बहुत सी दुकानें खाली भी हो गई हैं। कुछ दुकानों पर कोर्ट के स्टे ऑर्डर भी लगे हुए हैं। **-फोटो राजेश कुमावत**

**विधानसभा अध्यक्ष ने किया उद्‌घाटन**

# विधायक आवास परिसर में अब बैंक का एटीएम, डेयरी और हॉस्पिटल

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने मंगलवार को यहां विधायक आवास परिसर में बैंक एटीएम ई-कॉर्नर, सहकारी उपभोक्ता संघ, सरस डेयरी और चिकित्सालय का उद्घाटन संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, सहकारिता राज्यमंत्री गौतम कुमार, गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढ़म, विधानसभा के सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग की मौजूदगी में किया। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने कहा कि विधायक आवास परिसर में लगभग 125 विधायकगण और उनके परिजन निवास कर रहे हैं। परिसर में यहां के निवासियों की आवश्यकताओं के अनुरूप सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। एसबीआई बैंक एटीएम का ई-कॉर्नर, सहकारी उपभोक्ता संघ का विविध वस्तु भंडार, सरस डेयरी का पार्लर और स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सुविधाओं के लिए शहरी स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ किया गया है।



### चिकित्सा सुविधाओं का होगा विस्तार

देवनानी ने कहा कि चिकित्सालय में वर्तमान में ऐलोपेथी और होम्योपैथी चिकित्सकों की व्यवस्था की गई है। भविष्य में जरूरत के अनुरूप आयुर्वेद चिकित्सकों की भी यहां सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। चिकित्सालय का समय भी आवश्यकतानुसार बढ़ाया जाएगा। परिसर में एक समिति का गठन किया गया है, जो यहां निवास कर रहे लोगों की समस्याओं का समाधान करेगी। उनहोंने कहा कि परिसर की सुरक्षा के भी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। यहां रहने वाले विधायकगण, उनके परिजन और उनके अतिथिगण की सुविधा और सुरक्षा के इंतजाम किये गए हैं।

### सबको साथ लेकर चलेंगे

देवनानी ने कहा कि विधानसभा के आगामी सत्र में सभी को साथ लेकर चलने के बेहतर प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि 16वीं विधानसभा के द्वितीय सत्र के आरंभ से पहले भी सर्वदलीय बैठक बुलाकर बात की जाएगी। आगामी 2 जुलाई को प्रस्तावित सर्वदलीय बैठक का मकसद है कि सदन नियमों के अनुसार शांतिपूर्ण चलें। सभी विधायकगण आमजन की समस्याओं को उठाए।

### समारोह में ये रहे मौजूद

इस मौके पर विधायकगण, विधानसभा के प्रमुख सचिव महावीर प्रसाद शर्मा, विशिष्ट सहायक के.के. शर्मा, एसबीआई बैंक के मुख्य महाप्रबंधक संदीप भटनागर, महाप्रबंधक ऋतु गौड, उप महाप्रबंधक संजीव उपाध्याय, क्षेत्रिय प्रबंधक एमजी व्यास और मुख्य प्रबंधक संजय शर्मा, सरस डेयरी की प्रबंध संचालक सुषमा अरोड़ा, उपभोक्ता संघ की प्रबंध संचालक शिल्पी पांडे, विधानसभा, बैंक, डेयरी, सहकारिता, चिकित्सा विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

## जरूरी खबर

### बुजुर्गों के लिए लगाया स्वास्थ्य सेवा शिविर



**चाकसू।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल सेवा सप्ताह के तहत चाकसू प्रखंड में कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहें। इसी कड़ी में मंगलवार को श्रीराम वृद्धाश्रम शीतला माता में निशुल्क स्वास्थ्य सेवा शिविर लगाया गया। इसमें वृद्धजनों सहित 40 मरीजों को परामर्श व इलाज दिया गया। चिकित्सा टीम में डॉ. लालचंद बैरवा, देवराज गुर्जर, दिनेश सैनी ने अपनी सेवाएं दी। कार्यकर्ताओं ने कहा कि सेवा सप्ताह के तहत जरूरतमंद के लिए शिविर लगाया गया।

### मेहंदीपुर बालाजी में पैंथर की दहशत में ग्रामीण

**दौसा।** जिले के मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह पैंथर और शावकों के नजर आने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। क्षेत्र में पैंथर के आने की सूचना मिलने पर ग्रामीण अपने मवेशियों और अन्य पालतू जानवरों की सुरक्षा के लिए हाथों में लाठी-डंडे लेकर घरों के बाहर निगरानी करते रहे। ग्रामीण क्षेत्र में पैंथर के मूवमेंट से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। मेहंदीपुर बालाजी थाना क्षेत्र में स्थित नाहर खोहरा, डैंडान बसेड़ी, लाखनपुर और भावगढ़ गांव की बसावट पहाड़ी क्षेत्रों में है। ऐसे में यहां लगातार पैंथर सहित अन्य जंगली जानवरों का मूवमेंट बना रहता है। कई मवेशियों का शिकार भी किया जा चुका है।

### पाइप फैक्ट्री में आग से लाखों का नुकसान



**चित्तौड़गढ़।** कपासन के रिको एरिया में मंगलवार को एक पाइप फैक्ट्री में लगी आग से लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया। तीन दमकल की गाड़ियों ने करीब ढाई घंटे में आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक कच्चा माल और मशीनरी आदि जलकर खाक हो चुके थे। आग इतनी विकराल थी कि 5-5 किलोमीटर तक इसकी लपटें नजर आ रही थीं। गनीमत रही कि ट्रांसफार्मर बनाने वाली फैक्ट्री तक आग नहीं पहुंची, अन्यथा तेल के चलते आसपास का इलाके खतरे में पड़ सकते थे। फिलहाल, आग के कारणों का पता नहीं चल पाया है। सूचना के बाद तत्काल नगर पालिका की दमकलें पहुंची और आग पर काबू पाया।

---

**बीजों का लैंपस के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को वितरण किया जाना था... गाड़ी पहुंचते ही उमड़ी भीड़**

# सोयाबीन और उड़द के बीज से भरे ट्रक को लूट ले गए किसान

**बेधड़क** | प्रतापगढ़

प्री-मानसून की बारिश के साथ ही किसान बुवाई के लिए अपने खेतों को तैयार करने में जुटे हुए हैं। बीज आने के साथ ही किसान बुवाई भी शुरू कर देंगे, लेकिन प्रतापगढ़ जिले के धरियावद उपखंड के सिहाड़ लैंपस पर एक अलग ही नजारा देखने को मिला। यहां पहुंचे सोयाबीन और उड़द के बीज से भरे ट्रक को किसान लूट कर ले गए। इस दौरान ट्रक चालक और लैंपस का सहायक व्यवस्थापक बेबस होकर ट्रक को लूटते हुए देखते रहे। इस दौरान ट्रक चालक ने लूट का वीडियो भी बना लिया और इस संबंध में पुलिस में मामला भी दर्ज करवाया है। दरअसल यह यह बीज किसानों को बांटने के लिए लाए गए थे, लेकिन जैसे ही ट्रक आया तो ग्रामीण उस पर टूट पड़े और जिसके जितने कट्टे हाथ लगे उसे ले भागा।



### गाड़ी के आने की सूचना मिलते ही भीड़ जुटी

लैंपस मैनेजर प्रेम शंकर मीणा ने बताया कि मंगलवार को सुबह 9 बजे एनएससी चित्तौड़गढ़ से सोयाबीन और उड़द के बीज से भरा ट्रक सिहाड़ लैंपस पर पहुंचा था। यहां से किसानों को इन बीजों का वितरण किया जाना था, लेकिन बीज की गाड़ी के पहुंचने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में किसान सिहाड़ लैंपस पहुंच गए । किसानों ने ट्रक के वहा पहुंचने पर खाली होने से पहले ही बीजों को लूट कर ले जाना शुरू कर दिया। इस दौरान लूट में महिलाएं और बच्चे भी पीछे नहीं रहे। ट्रक चालक और व्यवस्थापक ने किसानों को रोकने की कोशिश की, तो किसानों ने उनके साथ भी मारपीट शुरू कर दी, जिससे दोनों बेबस होकर ट्रक को लूटते हुए देखते रहे।

### वाहनों में लाद ले गए कट्टे

जिसके हाथ जितने बीज के कट्टे लगे वह अपने साधनों से लेकर वहां से रवाना हो गया। ट्रक में सोयाबीन के बीज के कुल 1440 कट्टे और उड़द के बीज के 17 कट्टे भरे हुए थे। इन सभी बीजों का लैंपस के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को वितरण किया जाना था। इस संबंध में लैंपस मैनेजर की ओर से धरियावद आने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। साथ ही ट्रक चालक द्वारा बनाए गए वीडियो भी पुलिस के सुपुर्द किए गए हैं।

---

**6 जिलों में 36 घंटे चली कार्रवाई, 300 टीमें... 1200 जगह दबिश**

# 1100 से अधिक अपराधी दबोचे कई हार्डकोर भी गिरफ्त में आए

**बेधड़क** | भरतपुर

संभाग के 6 जिलों में पुलिस ने 36 घंटे में धरपकड़ की कार्रवाई कर 1100 से अधिक असामाजिक तत्व व अपराधियों को गिरफ्तार किया है। सभी 6 जिलों की पुलिस के 1200 पुलिस अधिकारी व जवानों की 300 टीमों ने 1200 से अधिक स्थानों पर दबिश देकर कार्रवाई की। पकड़े गए अपराधियों में कई हार्डकोर और हिस्ट्रीशीटर अपराधी भी शामिल हैं।

भरतपुर रेंज आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि पूरे संभाग के 6 जिलों में 23 जून की दोपहर से 24 जून की मध्यरात्रि तक एरिया डॉमिनेशन की कार्रवाई की गई। कार्रवाई से पहले सभी जिलों के एसपी को महिला अत्याचार, हार्डकोर अपराधी, हिस्ट्रीशीटर, आदतन अपराधी, इनामी अपराधी आदि की सूची तैयार कर उनकी धरपकड़ के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिए गए। इसके तहत संभाग के 6 जिलों में 1200 पुलिस अधिकारियों और जवानों की 300 टीमें तैयार की गई। इन सभी टीमों ने अपने अपने जिलों में कुल 1200 से अधिक स्थानों पर दबिश की कार्रवाई कर कुल 1100 से अधिक असामाजिक तत्व और वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया।



### 203 अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई

आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि संभाग में डेढ़ दिन में कुल 203 अपराधियों, जिनमें 4 हार्डकोर, 65 हिस्ट्रीशीटर, 51 अदतान अपराधी, 25 आर्म्स एक्ट और 58 एनडीपीसी एक्ट के अपराधियों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की गई। इसके अलावा अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ फायर आर्म्स की 8 एफआईआर दर्ज कर 10 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनके कब्जे से 5 देशी कट्टा, 1 पचफेरा, 1 बंदूक, 14 कारतूस बरामद किए। आईजी राहुल प्रकाश ने बताया कि कार्रवाई के तहत अवैध खनन के 16 मामले दर्ज कर 17 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिनसे 13 वाहन और 501 टन अवैध खनन सामग्री जब्त की। साथ 903 वांछित अपराधियों और सामाजिक तत्वों को गिरफ्तार किया गया। कुल मिलाकर कार्रवाई के तहत 1100 से अधिक अपराधियों को पकड़ा।



### धौलपुर जिले में भी की बड़ी कार्रवाई

पुलिस की 52 टीमों ने मंगलवार को अलग-अलग 249 स्थानों पर दबिशें देकर हिस्ट्रीशीटर, हार्डकोर, अवैध शराब, अवैध हथियारों की धरपकड़ अभियान एवं वांछित अपराधियों समेत 207 अपराधियों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अवैध हथियार जिंदा कारतूस शराब भी बरामद की है।

### बदमाशों के साथ हथियार भी बरामद

एसपी सुमित मेहरड़ा ने बताया कि महानिरीक्षक पुलिस भरतपुर राहुल प्रकाश आईपीएस के निर्देशन में एरिया डॉमीनेशन की कार्रवाई के अन्तर्गत हार्डकोर अपराधियों, सक्रिय हिस्ट्रीशीटर व उनके सहयोगियों एवं अवैध हथियार, अवांछित गतिविधियों की रोकथाम और अपराधियों की धरपकड़ के लिए राजस्थान पुलिस के विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के अन्तर्गत जिले में सभी थानों पर विशेष टीमे गठित कर अलग-अलग स्थानों पर दबिशें दी गई। अभियान में करीब 250 पुलिस अधिकारियों और जवानों की 52 टीमों ने कार्रवाई में भाग लेकर 249 स्थानों पर दबिश देकर 207 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। अभियान में 16 हार्डकोर व हिस्ट्रीशीटर, 48 आरोपियों को विभिन्न मामलों में वांछित चलने पर, 10 स्थाई वारंटी, 6 आरोपियों को अवैध हथियार, 7 आरोपियों को अवैध शराब एवं 120 अपराधियों को विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

---

**राजस्व मंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना**

# आदिवासी समाज शुद्ध रूप से हिन्दू धर्म संस्कृति को मानने वाला




**बेधड़क** | डूंगरपुर

प्रदेश के राजस्व मंत्री हेमंत मीणा मंगलवार को डूंगरपुर जिले के एक दिवसीय दौरे पर रहे। अपने दौरे के दौरान मंत्री हेमंत मीणा ने भाजपा कार्यालय में आपातकाल की बरसी पर आयोजित गोष्ठी में भाग लिया। इस मौके पर उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर निशाना साधा। वहीं, आदिवासी हिन्दू हैं या नहीं, के सवाल पर उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज शुद्ध रूप से हिन्दू संस्कृति और हिन्दू धर्म को मानने वाला है।

भाजपा कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में राजस्व मंत्री हेमंत मीणा मुख्य वक्ता रहे, जबकि सागवाड़ा विधायक शंकर डेचा, भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री अनीता कटारा, भाजपा जिला अध्यक्ष हरीश पाटीदार सहित अन्य भाजपा नेता भी मौजूद रहे। अपने संबोधन में मंत्री मीणा ने कहा कि इलाहबाद हाईकोर्ट द्वारा प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की सदस्यता 6 साल के रद्द किए जाने का निर्णय आया और उस निर्णय से बचने के लिए तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 में सभी संवैधानिक अधिकारों का हनन करते हुए देश में आपातकाल लागू कर दिया था।

इसलिए भाजपा इसे काला दिवस के रूप में मना रही है, ताकि लोगों को पता लगे कि आज सिद्धांतों की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी जब सत्ता में थी, तो किस तरह इन सिद्धांतों को ताक पर रखा गया था। गोष्ठी के बाद मीडिया से बात करते हुए हेमंत मीणा ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर व बीएपी सांसद राजकुमार रोत के बीच आदिवासी को लेकर चल रहे विवाद पर कहा कि आदिवासियों को हिन्दू नहीं बताने वाले लोग केवल अपनी राजनितिक रोटियां सेंकने का काम रहे हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज शुद्ध रूप से हिन्दू संस्कृति और हिन्दू धर्म को मानने वाला है।

---

**तकासमा करने के लिए मांग रहा था रिश्वत**

# 7 हजार की रिश्वत लेते पटवारी धरा

**बेधड़क** | दौसा

एसीबी दौसा की टीम ने पटवारी को साढ़े सात हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा है। पटवार हल्का बगड़ी, तहसील लालसोट, जिला दौसा के भौंरीलाल जांगिड़ पटवारी को परिवादी से सात हजार रुपए रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।



गिरफ्तार पटवारी जमीन का तकासमा करने के लिए रिश्वत मांग रहा था। एसीबी दौसा को इस बारे में एक एक शिकायत मिली थी। इसमें परिवादी ने बताया था कि तकासमा करने के लिए आरोपी भौंरीलाल जांगिड़ पटवारी 7 हजार 500 रुपए रिश्वत की मांग कर परेशान कर रहा है। इस पर एसीबी जयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस कालूराम रावत के सुपरवीजन में दौसा टीम ने शिकायत की पुष्टि करते हुए आरोपी पटवारी को ट्रैक करने का जाल बिछाया। उप अधीक्षक पुलिस नवल किशोर मीणा के नेतृत्व में टीम ट्रैप की कार्रवाई करते हुए आरोपी पटवारी भौंरीलाल जांगिड़ को परिवादी से 7 हजार रुपए रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों दबोच लिया। एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के सुपरवीजन में आरोपी से पूछताछ तथा कार्रवाई जारी है। एसीबी ने मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे के लिए जांच शुरू कर दी है।

---

**विधायक ने उपखंड स्तरीय बैठक में अधिकारियों संग की चर्चा**

# बारिश से पूर्व व्यवस्थाओं को सुधारने के निर्देश

**बेधड़क** | चाकसू

विधायक रामवतार बैरवा ने उपखंड कार्यालय परिसर में मंगलवार को उपखंड स्तरीय अधिकारियों की मीटिंग ली। इसमें विधायक बैरवा ने बिजली, पानी, सड़क व स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं को लेकर चर्चा की।

उन्होंने अधिकारियो को जनता की समस्याओं को गंभीरता से लेकर उनके निराकरण करने के निर्देश दिए। वहीं, मानसून से पूर्व व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने की बात कही। साथ ही क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को लेकर भी विधायक ने अधिकारियो को निर्देश दिए।



विधायक ने कहा कि मानसून से पहले कस्बे के सभी बड़े-छोटे नालों की सफाई कर लेनी चाहिए, ताकि बरसात में पानी भरने की समस्या ना हो। इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिये बनाये गए रोड़ मैप के अनुसार सड़क, विद्युत, पेयजल के साथ ही स्वास्थ्य व शिक्षा क्षेत्र में अधिक तेजी लानी होगी। हमें सड़क मार्गो सहित सभी व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखना होगा। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों को टोल प्लाजा पर इमरजेंसी लाइन शुरू करने, हाईवे पर हो रहे गड्डों को भरने और स्वास्थ विभाग को एंबुलेंस अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थायें दुरूस्त रखने के निर्देश दिए।

एसडीएम शिवचरण शर्मा ने कहा कि मानसून के दौरान आपदा की दृष्टि से लिहाजा प्रत्येक विभाग आपदा के समय आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए कम से कम रिस्पाँस समय में प्रभावितों तक राहत पहुंचाए।

---


**फिलीपींस की युवती ने हिंदू रीति-रिवाज से रचाया विवाह**

# चाहत: बूंदी के मुकेश संग फेरे लेने पहुंची विदेशी मैम

**बेधड़क** | बूंदी

सात समंदर पार फिलीपींस से शादी रचाने बूंदी पहुंची युवती ने हिंदू रीति-रिवाजों के साथ स्थानीय किराना दुकानदार मुकेश शर्मा के साथ शादी रचा ली। फेसबुक के जरिये मेल-मुलाकात के बाद प्यार होने पर यह जोड़ा शादी के बंधन में बंध गया।

फेरों से पहले कपल्स की बिंदोरी भी निकली गई। इसमें क्षेत्र के महिला-पुरुषों ने जमकर डांस किया। युवती भी परिजनों के साथ ढोल-नगाड़े पर ठुमके लगाती हुई नजर आई। इसके बाद दूल्हे मुकेश शर्मा और विदेशी दुल्हन ने वरमाला पहनकर सात फेरे लिए। इस दौरान दोनों कपल्स ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि 14 साल पहले शुरू हुई फेसबुक पर चैटिंग आज शादी में तब्दील हो गई है। वे दोनों इस मौके पर बहुत खुश हैं।



### परिवार की सहमति के बाद भारत आई

13 जून को मैरी पुत्री जैरीमेइसा बूंदी पहुंची थी। मैरी परिवार की सहमति के बाद एक माह के टूरिस्ट वीजा पर सऊदी अरब से मुंबई व कोटा होते हुए बूंदी आ गई। दोनों ने कानूनी प्रक्रिया के तहत शादी करने के लिए जिला कलेक्टर के समक्ष आवेदन प्रस्तुत भी किया था।

### मोहल्ले में उत्सवी माहौल

स्थानीय युवक और विदेशी मैम की शादी मोहल्ले में भी चर्चा का विषय बनी हुई है। परिजनों, रिश्वतेदारों के साथ स्थानीय लोगों में भी इस शादी को लेकर उत्साह नजर आया। आस-पड़ौस के लोगों ने ढोल-नगाड़ों के साथ नवविवाहित जोड़ी अगवानी की और उत्सवी माहौल में उनका गृहप्रवेश कराया। शिव कॉलोनी में जनरल स्टोर की दुकान लगाने वाले ग्रेजुएट मुकेश और विदेशी युवती मैरी का परिवारजनों एवं पड़ोसियों द्वारा स्वागत किया गया और ढोल-नगाड़ों के साथ गृहप्रवेश करवाया गया। मुकेश ने बताया वह भी फिलीपिंस जाना चाहता था, लेकिन किसी कारण से उसका वीजा नहीं बन पाया। मुकेश ने बताया कि हम दोनों एक-दूसरे से पिछले 14 वर्ष से बातचीत कर रहे हैं, अब शादी के बंधन में बंध गए हैं, बहुत खुशी हो रही है। युवती मैरी ने बताया की शादी होने से वह बहुत खुश है।

---

**कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश**

# बच्चों के आधार से जुड़ी समस्याओं का करें निदान

**बेधड़क** | सीकर

जिला कलेक्टर कमर चौधरी ने मंगलवार को जिला निष्पादन समिति की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने सरकारी विद्यालयों में बने शौचालयों, चारदीवारी, खेल मैदान, आधार एवं जन आधार नामांकन की विस्तार से समीक्षा कर आधार एवं जनाधार के मध्य की त्रुटि को कार्य योजना बनाकर दूर करने के निर्देश दिए ताकि स्कूली बच्चों को समय पर डीबीटी के माध्यम से स्कॉलरशिप मिल सके। जिले की रैंकिंग गिरकर दसवें स्थान पर पहुंचने पर जिला कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारी को चार्जशीट जारी करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने विद्यालयों में पेयजल स्थिति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने विद्यालयों में पेयजल स्थिति के संबंध में गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर श्रीमाधोपुर सीबीईओ को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी प्राथमिक लालचंद, सीएमएचओ डॉ निर्मल सिंह, जिला साक्षरता अधिकारी राकेश कुमार लाटा, उपनिदेशक आईसीडीएस धर्मवीर मीणा, सहायक निदेशक राकेश गढ़वाल सहित सभी ब्लॉकों के सीबीईओ एवं शिक्षा विभाग के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

राजस्थान यूनिवर्सिटी के संगठक कॉलेजों में एडमिशन प्रक्रिया

# यूजी कोर्स में एडमिशन के लिए आज जारी होगी कटऑफ लिस्ट

**बेधड़क** | जयपुर



राजस्थान यूनिवर्सिटी के संगठक कॉलेजों में यूजी कोर्स के लिए बुधवार को कटऑफ लिस्ट जारी की जाएगी। जिसमें 100% सीटों के लिए स्टूडेंट का सिलेक्शन किया जाएगा।

वहीं, इससे पहले मंगलवार रात 12 बजे तक स्टूडेंट्स को फॉर्म करेक्शन का मौका दिया गया है। इसके आधार पर स्टूडेंट्स का महारानी कॉलेज, महाराजा कॉलेज, कॉमर्स कॉलेज और राजस्थान कॉलेज में बीए, बीकॉम, बीएससी पास कोर्स, ऑनर्स कोर्स के साथ सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा, बीसीए, बीबीए, बीपीए में एडमिशन होगा।

### 26 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने किया आवेदन

राजस्थान यूनिवर्सिटी के डीएसडब्ल्यू प्रोफेसर रामावतार शर्मा ने बताया कि राजस्थान यूनिवर्सिटी और उससे जुड़े संगठक कॉलेजों में एडमिशन के लिए 26 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है। ऐसे में आज स्टूडेंट्स को फॉर्म करेक्शन के लिए आखिरी वक्त दिया गया है। इसके बाद बुधवार शाम 5 बजे तक संगठक कॉलेज अपने स्तर पर कटऑफ लिस्ट जारी करेंगे। इसके बाद डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के साथ ही स्टूडेंट्स को एडमिशन दे दिया जाएगा। वहीं 1 जुलाई से नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत भी की जाएगी।

### पीजी प्रवेश परीक्षा 27 जून से 3 जुलाई तक

राजस्थान विश्वविद्यालय के स्नात्तकोत्तर पाठ्यक्रमों को लेकर प्रवेश परीक्षा 27 जून से 03 जुलाई तक आयोजित की जाएगी। प्रवेश परीक्षा संयोजक प्रो. रश्मि जैन ने बताया कि राजस्थान विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर परीक्षा 37 विषयों में 05 परीक्षा केन्द्रों (राजस्थान महाविद्यालय, महाराजा महाविद्यालय, कॉमर्स महाविद्यालय, पी.जी. स्कूल ऑफ हयूमनिटीज एवं फाइन आर्ट) पर आयोजित की जायेगी। इस प्रवेश परीक्षा में 15268 परीक्षार्थी भाग ले रहे है। इस प्रवेश परीक्षा के प्रवेश पत्र राजस्थान विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये गए है। प्रवेश परीक्षा के दिन ही परीक्षा समाप्ति के बाद में सांय 06 बजे परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए उत्तर कुंजी वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी। यदि किसी भी छात्र को किसी भी प्रश्न को लेकर आपत्ति है तो वह परीक्षा समाप्ति के 48 घंटे तक ऑनलाइन आपत्ति दर्ज कर सकता है। अंतिम / फाइनल उत्तर कुंजी 08 जुलाई को अपलोड की जाएगी। यह प्रवेश परीक्षा का परीक्षा परिणाम 10 जुलाई 2024 को जारी कर दिया जायेगा। यह प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण 13 जुलाई से 18 जुलाई तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें छात्र अपने पसंदीदा विषय एवं उससे सम्बन्धित कोर्स में फॉर्म भर सकता हैं। द्वितीय चरण की प्रक्रिया के सभी फॉर्म सम्बन्धित विभाग में दिनांक 22 जुलाई तक छात्र द्वारा जमा करवाये जायेंगे।

### सरकारी कॉलेज में एडमिशन का आज अंतिम दिन

इसके साथ ही उच्च शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट कॉलेजों में आवेदन की तारिख को 26 जून तक आगे बढ़ा दिया है। ऐसे में अब 12वीं पास स्टूडेंट्स फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए 26 जून तक अप्लाई कर सकेंगे।

## Yuva स्टोरीज



### यूपीपीएससी की परीक्षा में अब तीन प्रतियों में मिलेगी उत्तर पुस्तिका

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) ने सभी विज्ञापनों के लिए आयोजित वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षाओं में बदलाव की घोषणा की है। आयोग की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार अब परीक्षाओं में उत्तर पुस्तिका दो की जगह तीन प्रतियों में होगी, जिनकी विशेषताओं को यूपीपीएससी ने अलग-अलग रंगों में वर्गीकृत किया है। जारी नोटिस में कहा गया है, "अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आयोग के निर्णयानुसार जारी समस्त विज्ञापनों में उल्लिखित पदों के लिए आयोजित वस्तुनिष्ठ प्रकार की परीक्षाओं में प्रयुक्त उत्तर पुस्तिका अब तीन प्रतियों में होगी। जिसमें पहली प्रति गुलाबी, दूसरी प्रति हरे (सुरक्षित) तथा तीसरी प्रति नीले रंग की होगी।" आयोग ने आगे कहा कि परीक्षा समाप्ति के पश्चात पर्यवेक्षक ओएमआर उत्तर पत्रक की मूल एवं सुरक्षित प्रति प्राप्त कर लेंगे तथा तीसरी प्रति (अभ्यर्थी प्रति-नीली) अभ्यर्थी स्वयं अपने साथ ले जा सकेंगे।

### राजस्थान विवि के प्रोफेसर ने की कवक की नई प्रजाति की खोज

**जयपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. योगेश जोशी ने अपनी शोध टीम के साथ कवक की एक नई प्रजाति, डिडिमोकिरर्टिस पर्टुसारिया वाई. जोशी की पहचान करके एक महत्वपूर्ण खोज की है। यह प्रजाति भारत के उत्तराखंड के समशीतोष्ण और अल्पाइन क्षेत्रों में चट्टानी सब्सट्रेट्स पर पनपती है। उनका अभूतपूर्व अध्ययन प्रतिष्ठित जर्नल ऑफ एशिया-पैसिफिक बायोडायवर्सिटी में प्रकाशित हुआ है। माइकोलॉजी में डॉ. जोशी की विशेषज्ञता अच्छी तरह से मान्यता प्राप्त है, और यह हालिया खोज उनके प्रभावशाली कार्य को बढ़ाती है। इससे पहले, उन्होंने उत्तराखंड से इसी जीनस में एक और नई प्रजाति की सूचना दी थी, जिसका नाम डिडिमोकिरर्टिस राइज़ोप्लाके वाई. जोशी और के. बिष्ट था, जो कवका पत्रिका में प्रकाशित हुई थी। इन खोजों के अलावा, डॉ. जोशी और उनकी टीम ने डिडिमोकिरर्टिस की सभी 29 ज्ञात प्रजातियों के लिए एक व्यापक विश्वव्यापी कुंजी प्रदान की है, जो क्षेत्र में शोधकर्ताओं के लिए एक मूल्यवान संसाधन के रूप में कार्य करती है। फंगल जैव विविधता की समझ में उनके सूक्ष्म अनुसंधान और योगदान को विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (प्रस्तावों के लिए विशेष कॉल) [एससीपी/2022/00072], नई दिल्ली द्वारा वित्त पोषित किया गया है। इस फंडिंग ने टीम को व्यापक फील्डवर्क और विश्लेषण करने में सक्षम बनाया है, जिससे ये महत्वपूर्ण निष्कर्ष निकले हैं जो फंगल प्रजातियों और उनकी पारिस्थितिक भूमिकाओं के बारे में हमारे ज्ञान को बढ़ाते हैं। डॉ. जोशी का काम न केवल भारत के समशीतोष्ण और अल्पाइन क्षेत्रों की समृद्ध जैव विविधता पर प्रकाश डालता है, बल्कि माइकोलॉजी में निरंतर अनुसंधान और अन्वेषण के महत्व को भी रेखांकित करता है।



### अपशिष्ट जल को साफ करने की IIT जोधपुर ने तैयार की नई विधि

**जयपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर ने कपड़ा रंगाई उद्योग से निकलने वाले अपशिष्ट जल के उपचार के लिए एक अग्रणी तकनीक का विकास किया है, जो पर्यावरण में एज़ो डाई जैसे हानिकारक पदार्थों को छोड़ने के लिए जिम्मेवार है । यह नई विधि 222 नैनोमीटर वाले पर्यावरण अनुकूल पराबैंगनी प्रकाश का विकास करके बनाई गई है, जो 254 नैनोमीटर पर पारंपरिक पारा-आधारित पराबैंगनी प्रकाश की तुलना में महत्वपूर्ण लाभ प्रदान करती है । कपड़ा रंगाई और विनिर्माण उद्योग बड़ी मात्रा में अपशिष्ट जल का उत्पादन करता है जिसमें एज़ो डाई जैसे लगातार दूषित पदार्थ होते हैं, जिन्हें पारंपरिक तरीकों का उपयोग करके निकालना चुनौतीपूर्ण होता है । पर्यावरण प्रदूषण को रोकने और स्थायी जल का पुन: उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस अपशिष्ट जल का प्रभावी उपचार महत्वपूर्ण है । भा.प्रौ.सं. जोधपुर के शोधकर्ताओं ने भौतिकी विभाग के प्रोफेसर राम प्रकाश के नेतृत्व में पीएचडी शोधार्थी किरण अहलावत और रामावतार जांगड़ा के साथ मिलकर 222 नैनोमीटर क्रिप्टोन क्लोराइड एक्साइमर पराबैंगनी प्रकाश स्रोत का विकास करके एक नया तरीका विकसित किया है ।

कृषि विश्वविद्यालय कोटा का 7वां दीक्षांत समारोह...

# विद्यार्थी विकसित भारत के सहभागी बनें : मिश्र




**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल एवं कुलाधिपति कलराज मिश्र ने कहा है कि कृषि विश्वविद्यालय किसानों के लिए हितकर योजनाओं का निर्माण ही नहीं करें। बल्कि वे आधुनिक ज्ञान-विज्ञान के प्रसार केन्द्र के रूप में भी अपनी पहचान बनाएं। उन्होंने विद्यार्थियों को डिग्री प्राप्त कर विकसित भारत की संकल्पना को साकार करने में सहभागी बनने का भी आह्वान किया है। राज्यपाल मंगलवार को कृषि विश्वविद्यालय कोटा के सातवें दीक्षांत समारोह में स्नातक एवं स्नातकोत्तर अभ्यर्थियों को गोल्ड मेडल एवं उपाधियां प्रदान करने के बाद संबोधित कर रहे थे। दीक्षांत समारोह में 310 अभ्यर्थियों को उपाधियां जबकि 10 अभ्यर्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किए गए। गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में 6 छात्राएं एवं 4 छात्र शामिल थे। वहीं दीक्षांत अतिथि एवं रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय विश्वविद्यालय झांसी के चांसलर प्रो. पंजाब सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि कृषि के क्षेत्र में शोध एवं अध्ययन करने वाले युवाओं का भविष्य उज्जवल है, क्योंकि इस क्षेत्र में ग्रोथ की संभावनाएं काफी हैं। विश्वविद्यालय कुलपति डॉ. अभय कुमार व्यास ने विश्वविद्यालय को प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

### कुलपति विद्यार्थी संवाद बढ़ाता है आत्मविश्वास

राज्यपाल ने कृषि विश्वविद्यालय, कोटा में 'कुलपति विद्यार्थी संवाद' नवाचार की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे संवाद विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को बढ़ाने के साथ उन्हें युग की चुनौतियों के अनुरूप कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2023 के दौरान चना, मसूर व उड़द फसलों की 5 नई उन्नत किस्में अनुमोदित करने एवं 29 नई उन्नत तकनीकियां विकसित करने तथा 14 हजार 807 क्विंटल उच्च गुणवत्ता का बीज कृषकों को उपलब्ध करवाने के लिए उन्होंने पूरे विश्वविद्यालय परिवार को बधाई दी।

### कृषि क्षेत्र में छात्राओं ने मनवाया लोहा

राज्यपाल ने छात्राओं के कृषि के क्षेत्र में आगे बढ़ने पर बधाई देते हुए कहा कि कृषि शिक्षा में छात्राओं ने तेजी से आगे बढ़कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। यह देश एवं समाज के लिए शुभ लक्षण है। उन्होंने कृषि विश्वविद्यालयों का आव्हान किया कि वे पारम्परिक खेती के साथ ही दूसरे देशों में कृषि के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयोगों को ध्यान में रखते हुए किसानों की उपज बढ़ाने की दिशा में प्रयास करें। उन्होंने कृषि के क्षेत्र में उन्नत तकनीक के प्रयोग पर जोर दिया। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि विश्वविद्यालय, कृषि प्रबंधन से जुड़े क्षेत्रों मेंसतत् अनुसंधान के विकास कार्य कर रोजगारोन्मुखी दक्षता बढ़ाने के लिए भी निरंतर कार्य करें। इसी से युवाओं का कृषि की ओर रूझान बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि कृषि उद्यमिता के अंतर्गत नवाचार अपनाते हुए निंरतर कार्य किए जाने की भी नितांत आवश्यकता है। कृषि उत्पादों के विपणन, कृषि भंडारण आदि क्षेत्रों में नवाचार अपनाते हुए रोजगार के नवीन अवसर सृजित किए जाएं। कृषि क्षेत्र में शोध और अनुसंधान में भी आधुनिक दृष्टिकोण के साथ हमारे अपने परिवेष को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाए। राज्यपाल ने कहा कि कृषि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेन्स और ड्रोन तकनीक का बढ़ता हुआ महत्व न केवल खेती के पारंम्परिक तरीकों को बदल रहा है, बल्कि इसे अधिक कुशल और प्रभावी भी बना रहा है। उन्होंने कहा कि एग्री-टूरिज्म कृषि के क्षेत्र में नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देने का महत्वपूर्ण आयाम है। इससे न केवल किसानों की आय में वृद्धि हो सकती है बल्कि पर्यावरण को भी संरक्षित किया जा सकता है। कोटा संभाग में एग्री-टूरिज्म के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं।

### महिला पॉलिटेक्निक कॉलेजों में 5 जुलाई तक होंगे आवेदन

**जयपुर।** प्रदेश के सभी 13 राजकीय महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज में एडमिशन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसके लिए उम्मीदवार 300 रुपए फीस देकर ऑनलाइन या फिर ई-मित्र के माध्यम से अप्लाई कर सकते है। इसके लिए दसवीं पास कर चुकी उम्मीदवार वेबसाईट पर जाकर 5 जुलाई तक ऑनलाइन अप्लाई कर सकते है। इसके तहत महिला पॉलिटेक्निक कॉलेजों में कॉमर्शियल आर्ट, टैक्स्टाइल डिजाईन, कास्ट्यूम डिजाईन एण्ड ड्रेस मेकिंग, मार्डन ऑफिस मैनेजमेन्ट, इंटीरियर डेकारेशन, फैशन एण्ड टैक्स्टाइल डिजाइन , फैशन एंड अपैरल डिजाइन और तीन साल के पाठ्यक्रम के साथ ही ब्यूटी कल्चर विभाग में दो वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम करवाया जाता है। गैर-अभियांत्रिकी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। जो 5 जुलाई तक चलेगी।




चिकित्सा संस्थानों में मिलेगी नियुक्त

### इग्नू ने किया MBA हेल्थ केयर एंड हॉस्पिटल मैनेजमेंट कोर्स लॉन्च

**बेधड़क** | नई दिल्ली।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (स्वास्थ्य देखभाल और अस्पताल प्रबंधन) कोर्स लॉन्च किया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य निजी और सार्वजनिक दोनों क्षेत्रों में स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों, संबंधित संगठनों और अस्पतालों में रोजगार के लिए कुशल कार्यबल तैयार करना है। साथ ही दूरदराज के क्षेत्रों सहित देश भर में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा सुनिश्चित करना है। इसके लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को कम से कम 50% अंकों के साथ न्यूनतम 3 वर्ष की अवधि की स्नातक डिग्री उत्तीर्ण होना चाहिए। भारत सरकार के मानदंडों के अनुसार आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों के मामले में 45% अंक होने चाहिए। इस कार्यक्रम में चार सेमेस्टर में 112 क्रेडिट हैं। पहले सेमेस्टर में 4 क्रेडिट के सात मुख्य पाठ्यक्रम हैं। दूसरे सेमेस्टर में भी 4 क्रेडिट के सात मुख्य पाठ्यक्रम हैं। तीसरे और चौथे सेमेस्टर में विशेष पाठ्यक्रम हैं। छात्रों को तीसरे सेमेस्टर में एक प्रोजेक्ट लेना होगा और एक प्रैक्टिकल भी देना होगा। प्रैक्टिकल पाठ्यक्रम में उन्हें अस्पतालों/स्वास्थ्य देखभाल संस्थानों में तैनात किया जाएगा। छात्रों से यह भी अपेक्षा की जाती है कि वे उनके द्वारा पहचाने गए स्वास्थ्य देखभाल से जुड़े संस्थान/अस्पताल में तीन महीने की इंटर्नशिप भी करना होगा।

### 4 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी बैठेंगे प्री DLEd में

**जयपुर।** शासन सचिव, स्कूल शिक्षा कृष्ण कुणाल ने प्रारम्भिक शिक्षा में डिप्लोमा (प्री डी एल एड़ परीक्षा) 2024 प्रवेश पूर्व परीक्षा के सफल आयोजन के निर्देश दिए। कुणाल ने मंगलवार को शिक्षा संकुल में वीसी के माध्यम से संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर, पुलिस अधीक्षक, जिला कोषाधिकारी सहित संबंधित अन्य विभागों के अधिकारियों को परीक्षा के सफल आयोजन के संबंध में विस्तृत निर्देश दिए। प्री डी एल एड़ परीक्षा 30 जून को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा द्वारा 33 जिलों के 1917 परीक्षा केन्द्रों पर दोपहर 12.30 से 03.30 बजे तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा में चार लाख पैंतालीस हजार चार सौ चौवन अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। परीक्षा के सफल एवं सुचारू संचालन के लिए जिला स्तर पर परीक्षा संचालन, नियंत्रण एवं प्रबोधन के लिए जिला समन्वयक, कॉलेज प्राचार्य एवं जिला नोडल अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) नियुक्त किए गए हैं। शिक्षा सचिव ने ओएमआर सीट्स, प्रश्न पत्र एवं अन्य गोपनीय सामग्री को ट्रेजरी एवं सब ट्रेजरी में सुरक्षित रखवाने, परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए उचित पर्यवेक्षण, परीक्षा समाप्ति पर परीक्षा केन्द्रों से प्राप्त गोपनीय सामग्री को निर्धारित संग्रहण केन्द्रों पर संग्रहित कर सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

समारोह | हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह 29 को

# एचजेयू में 6 में से 5 लड़कियों को मिलेंगे गोल्ड मेडल

- राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता, डिप्टी सीएम बैरवा होंगे मुख्य अतिथि

**बेधड़क** | जयपुर



हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय (एचजेयू) का द्वितीय दीक्षांत समारोह 29 जून को जेएलएन मार्ग स्थित आर.ए पोद्दार इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट के सभागार में आयोजित होगा। इस दौरान विश्वविद्यालय के नवनिर्मित भवन का वर्चुअल लोकार्पण भी किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्यपाल कलराज मिश्र करेंगे। डिप्टी सीएम व उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

मंगलवार को शिक्षा संकुल स्थित विश्वविद्यालय के प्रशासनिक परिसर में आयोजित प्रेस वार्ता में कुलपति प्रो.(डॉ.) सुधि राजीव ने बताया कि पत्रकारिता विश्वविद्यालय में इस साल भी स्वर्ण पदकों के मामले में लड़कियों ने बाजी मारी है। कुल 6 में से 5 स्वर्ण पदक लड़कियों ने हासिल किए हैं। बीए-जेएमसी में प्रेरणा नामा, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग में आशी प्रतीक, विज्ञापन एवं जनसंपर्क विभाग में कौस्तुभ व्यास, मीडिया स्टडीज में रचना सैन, न्यू मीडिया विभाग में खुशी दुबे और विकास संचार विभाग में शिखा सोगानी ने टॉप किया है।

### 94 विद्यार्थियों को बांटी जाएगी डिग्रियां

सुधि राजीव ने बताया कि समारोह में स्नातक और स्नातकोतर पाठ्यक्रमों के 94 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएगी। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 6 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक और प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान हासिल करने वाले कुल 18 विद्यार्थियों को वरीयता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। बीए-जेएमसी का यह पहला बैच पासआउट होगा। जिसमें 29 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. सत्येंद्र बसवाल, परीक्षा नियंत्रक डॉ. आलोक श्रीवास्तव और समन्वयक, अकादमिक एवं प्रशासनिक डॉ. रतन सिंह शेखावत भी उपस्थित थे।

### पत्रकारिता विश्वविद्यालय की मीडिया शिक्षा के बढ़ावा देने में अहम भूमिका

सुधि राजीव ने खुशी जताते हुए कहा कि मीडिया में अब लड़कियों की भागीदारी बढ़ रही है जहां पर परंपरागत रूप से महिलाओं का प्रतिनिधित्व हमेशा कम रहा हो। उन्होंने कहा कि पत्रकारिता विश्वविद्यालय महिला शिक्षा को बढ़ावा देने में अपने अहम भूमिका निभा रहा है।

# आपातकाल प्रसंग के तीन चरण

पचास बरस पहले बुधवार के दिन अप्रत्याशित रूप से भारत में आपातकाल की घोषणा का श्रीगणेश हुआ। तिथि थी 25 जून 1975 और एक ही रात में राजस्थान की राजधानी जयपुर में समाचार पत्रों सहित जनजीवन का परिदृश्य बदल गया।

इस परिदृश्य के साक्षी बने वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा ने इस घटनाक्रम को साझा किया। तब वह न्यूज एजेन्सी हिन्दुस्तान समाचार में कार्यरत थे। शहर परकोटे में जौहरी बाजार में 24-25 जून याने मंगलवार-बुधवार की मध्य रात्रि में बारातियों को अजमेर ले जाने वाली बस खड़ी थी। राजस्थान विश्वविद्यालय छात्रसंघ के तत्कालीन अध्यक्ष विमल चौधरी के भाई का विवाह था। बाराती एकत्रित किए जा रहे थे। गुलाब बत्रा और छात्र नेता सुनील भार्गव टहलते हुए रामनिवास बाग की तरफ जा रहे थे, तभी उन्हे एम.आई.रोड की तरफ से मिलट्री से भरे ट्रकों की कतार दिखाई दी। मिलट्री ट्रकों का यह कारवां जौहरी बाजार होते हुए दिल्ली की तरफ जा रहा था। यह देख गुलाब बत्रा ने सुनील भार्गव से कहा देश में कुछ विशेष होने वाला है।

खैर बारात की बस अल सुबह अजमेर रवाना हो गई। विवाहोत्सव की धूम से जब 26 जून गुरुवार को सुबह बस जौहरी बाजार लौटी तब तक परिदृश्य बदल चुका था। हल्का सा सन्नाटा देख गुलाब बत्रा को अजीब लगा। बस से उतर उन्होंने निकटवर्ती यंग लीडर के कार्यालय से हिन्दुस्तान समाचार के ब्यूरो प्रमुख (स्व.) श्याम आचार्य को फोन किया। आचार्यजी ने आपातकाल लागू होने की जानकारी देते हुए तुरन्त कार्यालय पहुंचने का निर्देश दिया। साइकिल से कार्यालय पहुंचने के कुछ देर पश्चात तत्कालीन जनसंघ नेता सतीशचन्द्र अग्रवाल का फोन आया। उन्होने भैरोंसिंह शेखावत के साथ अपनी गिरफ्तारी के बारे मे जानकारी देते हुए अपना वक्तव्य लिखाया। चूंकि यंग लीडर के सम्पादक जैनेन्द्र जैन ने गुलाब बत्रा को ताजा सूचना देने की ताकीद की थी, लिहाजा उन्हें दोनों नेताओं की गिरफ्तारी एवं अग्रवाल के वक्तव्य सम्बन्धी समाचार फोन पर लिखवाया।



सूरज चढ़ने के साथ आपातकाल से जुड़े घटनाक्रम का विवरण आने लगा। आचार्यजी को पहली रात दिल्ली स्थित हिन्दुस्तान समाचार के मुख्यालय से फोन पर आपातकाल लागू किये जाने और राश्ट्रीय स्तर के नेताओं की गिरफ्तारी की सूचना मिली, तब तक टेलीप्रिन्टर बंद हो चुके थे। उन्होने राजस्थान पत्रिका, नवज्योति के सम्पादकों को सूचित किया। नवज्योति के महेशचन्द्र शर्मा ने तत्काल समाचार पत्र का मुद्रण रुकवाया और शीर्ष हैडिंग बदलवाकर जहां-जहां सम्भव था, नया समाचार पत्र वितरित कराने का प्रयास किया। राजस्थान पत्रिका अपने पत्र का मुद्रण कराती उससे पहले विद्युत लाइन काटी जा चुकी थी। अलबत्ता यंग लीडर ने शेखावत अग्रवाल सहित जयप्रकाश नारायण एवं अन्य नेताओं की गिरफ्तारी युक्त समाचार पत्र जौहरी बाजार इत्यादि स्थानों पर वितरित करवा दिया।

आपातकाल से पहले जे.पी.आन्दोलन के दौरान दिल्ली में 3-4-5 मार्च 1975 को जनसंघ के राष्ट्रीय अधिवेशन (यह पार्टी का अंतिम अधिवेशन सिद्ध हुआ) के कवरेज के लिए गुलाब बत्रा को जयपुर से दिल्ली भेजा गया था। आखरी दिन जयप्रकाश नारायण का संबोधन था। मंच पर राष्ट्रीय अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी, राजमाता विजयाराजे सिंधिया उपस्थित थीं। वरिष्ठ नेता अटल बिहारी वाजपेयी को अंत मे बोलना था ताकि जे.पी. के किसी विरोधाभासी कथन का जवाब दिया जा सके। जे.पी.की अगुवाई में 6 मार्च को रैली थी।

इस संदर्भ में माउंट आबू का विवरण प्रासंगिक है। वहां राजस्थान खेलकूद परिषद का ग्रीष्मकालीन शिविर, युवक कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यसमिति तथा जनसंघ की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक थी। इन सभी के कवरेज हेतु जयपुर से गये प्रेस दल में गुलाब बत्रा भी सम्मिलित थे। वहीं पर 12 जून, 1975 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का लोकसभा चुनाव अवैध घोषित करने का निर्णय आया था। नये राजनीतिक घटनाक्रम के चलते तत्कालीन जनसंघ के नेता लालकृष्ण आडवाणी माउंट आबू आने की अपेक्षा दिल्ली चले गये। बाद में वह पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक मे भाग लेने के लिए माउंट आबू आये। कार्यसमिति की बैठक मे पारित राजनीतिक प्रस्ताव में देश की तत्कालीन राजनीतिक परिस्थितियों का उल्लेख किया गया और दस दिन बाद देश में आपातकाल की घोषणा कर दी गयी।

**(जैसा की घटनाक्रम गुलाब बत्रा जी ने साझा किया)**

## विश्व नशीली दवाओं का निषेध दिवस आज

# नशीले पदार्थों के उपयोग पर ठोस कार्रवाई जरूरी



**अरविंद कुमार संभव**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

*"आज पूरी दुनिया में मुख्यतः नशीले पदार्थों के बाजार के रूप में और उनके उत्पादक देशों के रुप में पाकिस्तान बंगलादेश अफगानिस्तान और मैक्सिको आदि देश बदनाम हो चुके हैं। ये देश इस समय ब्राउन सुगर, हेरोइन जैसे नशीले पदार्थों के सबसे बड़े उत्पादक हैं। भारत में अब इन नशीले पदार्थों की खपत काफी बढ़ गई है। शराब से राज्यों को होने वाली करोड़ों रुपये की आबकारी आय का ग्राफ लगातार ऊपर की ओर चढ़ रहा है।"*

मनुष्य नशीले पदार्थों का सेवन कई युगों से करता चला आ रहा है। नशीले पदार्थ हमेशा उसके लिये आनंद की वस्तु रहे है। पर अब जबकि हम इक्कीसवी शताब्दी में हैं ये नशीले पदार्थ आनंद की बजाय बर्बादी के वस्तु बन गये हैं। आज न केवल नशीले पदार्थों के प्रकार बढ़े हैं, बल्कि उनका सेवन करने वालों की संख्या भी बढ़ी है। हमारे ही देश में पिछले कुछ दशकों में नशीले पदार्थों का सेवन करने वालों की संख्या में जबर्दस्त वृद्धि हुई है। हमारे यहां प्रतिदिन लाखों गैलन शराब पी ली जाती है जिस पर अरबों रुपया खर्च होता है। इसके अलावा लोग भांग, गांजा, चरस, अफीम, तम्बाकू सहित कई प्रकार के नशीले दवाएं सिरप टेबलेट आदि नशीले पदार्थों के सेवन से देश, परिवार और स्वयं के बर्बादी का कारण बन जाते हैं। नशे की प्रवृत्ति से स्वास्थ्य में गिरावट, कार्य कुशलता में कमी और अनेक मानसिक विकृतियां उत्पन्न होने से सारा समाज समस्याग्रस्त है।



कुछ वर्षो पूर्व तक शराब, भांग, गांजा, तम्बाकू, अफीम, चरस ही नशीले पदार्थों के रूप में जाने जाते थे। लेकिन अब नशे की दुनिया में कई दूसरे ही नाम चलन में है। और वे नशीले पदार्थों का प्रभाव कहीं ज्यादा घातक है। नए नशीले पदार्थों में माफीन, हेरोईन, हशीश, स्नैक,एल. एस. डी., मैण्ड्रेक्स ब्राउन सुगर कई प्रकार के सिरप और टेबलेट आदि नाम काफी प्रचलित हो चुके है। जहां इनकी कीमत बहुत ज्यादा है, वहीं इनका नशा गांजा, भांग, अफीम जैसे पुराने नशीले पदार्थों से कई गुना ज्यादा है।

नशे की ओर आदमी ज्यादातर तीन कारणों से बढ़ता देखा गया है। (1) मनुष्य नशे की और तब बढ़ता है जब वह परेशान व समस्याग्रस्त होता है। नशा आदमी को कुछ क्षणों के लिये वास्तविक जिंदगी की समस्याओं से दूर कल्पना लोक में ले जाता है। आदतन नशा करने वालों में ऐसे लोगों की संख्या सबसे ज्यादा देखने को मिलती है, (2) कई लोग नशे को शौक के रूप में अपनाते देखे गये हैं लेकिन बाद में नशे के गुलाम हो जाते हैं। एक बार नशे का चस्का लग जाने के बाद इससे छुटकारा पाना असंभव नहीं तो बहुत कठिन जरुर है। (3) कुछ मात्रा में लोग सफलता पाने के लिए नशे को अपनाते हैं। हालांकि यह जरूर कुछ अटपटा लगता है. सुनने में, लेकिप अब यह बात बिलकुल स्पष्ट हो गई है कि ओलंपिक सहित दूसरी अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों द्वारा नशीले पदार्थो का सेवन किया जाता है। परीक्षाओं के समय विद्यार्थीगण भी ऐसी कई घातक दवाओं का घड़ल्ले से इस्तेमाल करते हैं।

आज पूरी दुनिया में मुख्यतः नशीले पदार्थों के बाजार के रूप में और उनके उत्पादक देशों के रुप में पाकिस्तान बंगलादेश अफगानिस्तान और मैक्सिको आदि देश बदनाम हो चुके हैं। ये देश इस समय ब्राउन सुगर, हेरोइन जैसे नशीले पदार्थों के सबसे बड़े उत्पादक हैं। भारत में अब इन नशीले पदार्थों की खपत काफी बढ़ गई है। शराब से राज्यों को होने वाली करोड़ों रुपये की आबकारी आय का ग्राफ लगातार ऊपर की ओर चढ़ रहा है। इसके अलावा अफीम, गांजा, ब्राउन सुगर का उपयोग भी खतरनाक गति से बढ़ा है। आज देश में शांति और व्यवस्था की काफी बढ़चढ़ कर बातें की जाती हैं तथा योजनायें भी बनाई जाती है। लेकिन इसके मूल कारण को समझने की जरा भी प्रयास नहीं किया जाता। रोग नष्ट करने के लिये उनको जड़ से उखाड़ कर फेंकना होगा, केवल ऊपर से पत्तों को उखाड़ देने से कोई लाभ नहीं होता। नशीले पदार्थों का बढ़ता उपयोग राष्ट्रीय चिंता का विषय है। नशा बंदी के लिये कुछ"वर्ष पूर्व बनाई गई कानून की धज्जियाँ उड़ रही हैं। मात्र कानून बना देने से ही इस बुराई का विनाश नहीं किया जा सकता। इसके लिये एक प्रबल जनमत जागृत करने की महती आवश्यकता है।

जहां तक नये नशीले पदार्थों का सवाल है ये देश में तस्करी के द्वारा पहुंचते हैं अतः सरकार को इस पर कठोरता से रोक लगाना चाहिये। और नशे का व्यापार करने वालो के लिये कानून में मौत की सजा का प्रावधान होना चाहिये। हमारे देश में शराब तथा अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पर लगे टैक्सों से सरकार को करोड़ों रुपयों की आय प्रतिवर्ष होती है। अतः सरकारें भी अपने राज्यों में करोड़ों रुपयों के लालच में इस समस्या पर काबू पाने के लिये इमानदार प्रयास नहीं करती अगर देश को नशे के क्रूर पंजों से बचाना है तो करों के रूप में मिलने वाली अपार धनराशि का त्याग करना ही पडेगा। आज जैसे बिहार राज्य ने अपने पूरे राज्य भर में पूर्ण रूप से नशा बंदी लागू की है वह प्रशंसनीय कदम है। इससे बहुत कुछ सकारात्मक प्रभाव भी पड़ा है ।

नशा करनेसे अपराध पवृत्ति को भी बल मिलता है तथा अनैतिक कार्यों की वृद्धि होती है। अतः सरकार को कठोर नियमों द्वारा सार्वजनिक स्थानों पर नशा आदि पर कड़े प्रतिबंध शीघ्र लगाने चाहिये नशाबंदी केवल एक नारा बनकर न रह जाये।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# आवाज बुलंद करने के मायने...



**राजेंद्र बज**
व्यंग्यकार

आम नागरिकों के हित की आवाज बुलंद करने पर ही राजनीतिक बुलंदियों को छुआ जा सकता है। इसमें यह आवश्यक नहीं कि आवाज उठाने का कोई सार्थक परिणाम आए ही आए। बस,आसपास ही नहीं अपितु दूर-दराज तक यह संदेश जाना चाहिए कि आप जनता के हित की लड़ाई लड़ रहे हैं। राजनीति की प्रचलित परंपरा में हमारे नाम के आगे जब तक ' संघर्षशील ' या ' जुझारू ' का तमगा नहीं लग जाता, तब तक कोई हमें गंभीरता से लेगा -इसकी कोई गारंटी नहीं दे सकता। दरअसल राजनीति में जो दिखता है वही बिकता है। राजनीति में जो बहुचर्चित हो जाता है, उसी का बाजार गर्म रहा करता है। राजनीति में समय, श्रम और धन के निवेश में बनिया बुद्धि आवश्यक होती है।

सवाल यह नहीं होता कि कोई राजनीतिक शख्सियत विख्यात है या कुख्यात, बस वह चर्चा में बनी रहनी चाहिए। जो चतुर राजनीतिज्ञ होते हैं, वे थोड़े बहुत अंतराल से उलजुलूल बयानबाजी कर मीडिया की सुर्खियां बटोर ले जाया करते हैं। इससे सीधा फायदा यह होता है कि बिना किसी अतिरिक्त लागत के चर्चा में बने रहना आसान हो जाता है। कभी-कभी आपत्तिजनक बयान देकर भी सुर्खियां बटोरी जाती है। यही नहीं अपितु इसके पश्चात स्पष्टीकरण के नाम पर पुनः आम नागरिकों के सम्मुख अपनी सक्रियता का प्रमाण भी दिया जाता है। वैसे भी आजकल की राजनीति मे किसी सीधे-साधे के लिए कोई स्थान नहीं है। लेकिन जो कोई ' भोले-भाले ' हुआ करते हैं , उनकी धार दुधारी होकर चमत्कारिक फल देती है।

आजकल की राजनीति में स्थापित होने के लिए अनेकानेक रास्ते निकल आए हैं। बीते दौर में तो केवल राज परिवार को ही यह सुविधा थी कि इधर राजनीति में कूदे और उधर राजनीति में स्थापित हो गए। लेकिन हर किसी का नसीब ऐसा नहीं होता। कुछ न कुछ तो पुरुषार्थ करना ही होता है। और कुछ नहीं तो चंद धरने, चंद प्रदर्शन और चंद घेराव राजनीतिक जड़ जमाने के लिए अत्यंत आवश्यक होते ही होते हैं। इसके अतिरिक्त राजनीति में विभिन्न समीकरण साधने में भी महारत होना आवश्यक है। जाति, क्षेत्र, वर्ग एवं संप्रदाय के आधार पर हर कोई अपनी-अपनी संभावनाओं का आकलन करता ही करता है। आमतौर पर ऐसा आकलन अपेक्षित परिणाम देने में सहायक सिद्ध होता है।

आजकल की राजनीति में बिना उचित-अनुचित का ध्यान रखें, चाहे जैसी आवाज बुलंद करने का चलन चल पड़ा है। दरअसल नेतागिरी का चस्का ऐसा ही होता है कि जहां भीड़ दिखाई देती है, उसका नेतृत्व करने की इच्छा बलवती होती जाती है। वैसे भी हमारे यहां लोकतंत्र में आंशिक रूप से ही सही लेकिन ' भीड़तंत्र ' नजर आता है। खैर, मुद्दे की बात यह कि यदि हम राष्ट्रीय एकता, अखंडता और संप्रभुता के हित में आवाज बुलंद करते हैं, तो हमारा स्तर ' राष्ट्रीय स्तर ' का हो जाता है। वैसे ही यदि हम स्थानीय स्तर की समस्याओं की बात करते हैं, तो हमारा स्तर एक स्थानीय नेता के रूप में स्थापित हो जाता है। याने कि राजनीति में सोच के आधार पर स्तर निर्धारित होता है।

## नॉलेज कॉर्नर: लोकसभा स्पीकर को लेकर सत्ता और विपक्ष में असहमति पर है यह रास्ता

# तीसरी बार वोटिंग से चुनाव जाएंगे लोस स्पीकर

देश में इस बार 72 साल बाद लोकसभा स्पीकर का चुनाव वोट से होने जा रहा है। इससे पहले अब तक 1951, 1974 में भी स्पीकर पद के लिए चुनाव हुए थे। वहीं अब 2024 में भी विपक्ष की सहमति नहीं होने पर तीसरी बार लोकसभा स्पीकर के लिए चुनाव होने जा रहे हैं। वहीं इससे पहले 17 वीं लोकसभा के स्पीकर ओम बिरला थे। वहीं इस बार एनडीए के लोकसभा स्पीकर के उम्मीदवार है। दरअसल इस बार सत्तारुढ़ के बीजेपी नेतृत्व वाले एनडीए और विपक्ष के बीच लोकसभा स्पीकर को लेकर आम सहमति नहीं बन पाई है। लिहाजा एनडीए से ओम बिरला और इंडिया ब्लॉक से कांग्रेस सांसद के सुरेश ने मंगलवार को लोकसभा महासचिव के दफ्तर में नामांकन पत्र जमा किया है। अब बुधवार इसके के लिए वोटिंग होगी।

### इसलिए है लोकसभा स्पीकर का पद अहम

लोकसभा अध्यक्ष कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए जिम्मेदार होता है, जिसके चलते ये पद काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। इसके अलावा लोकसभा अध्यक्ष संसदीय बैठकों का एजेंडा भी तय करते हैं और सदन में विवाद होने पर स्पीकर नियमानुसार कार्रवाई भी करते हैं।



### ये हैं लोकसभा स्पीकर की शक्तियां

लोकसभा अध्यक्ष विभिन्न समितियों का गठन करते हैं और इन समितियों का कार्य उसके निर्देशानुसार ही किया जाता है। खास बात ये है कि यदि कोई सदस्य सदन में दुर्व्यवहार करता है तो लोकसभा अध्यक्ष के पास ये शक्ति होती है कि वो उस सदस्य को निलंबित कर सकते हैं। दिसंबर 2023 में संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा में घुसपैठ के मामले में बहस की मांग करने पर दुर्व्यवहार के लिए कुल 141 विपक्षी नेताओं को निलंबित कर दिया गया था, जिसे लेकर खासा विवाद भी हुआ था।

**तटस्थ रहकर सदन चलाने की है जिम्मेदारी**

*वहीं सदन में सत्ता और विपक्ष दोनों पक्षों के सदस्य होते हैं। इसीलिए लोकसभा अध्यक्ष से अपेक्षा की जाती है कि वो तटस्थ रहकर सदन का कामकाज चलाएं। बता दें कि लोकसभा स्पीकर किसी मुद्दे पर अपनी राय घोषित नहीं करते। न ही वो किसी प्रस्ताव पर मतदान में भाग लेते हैं।*

*कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर*

## X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP
आपातकाल... लोकतंत्र का काला अध्याय। परिवारवादी संगठन 'कांग्रेस' ने देश पर 'आपातकाल' थोप कर भारत के गौरवशाली लोकतंत्र का गला घोंटने का कुत्सित प्रयास किया था। आपातकाल की घोषणा के फलस्वरूप, उस अंधकार युग में संसदीय कार्यवाही को सीमित कर दिया गया, न्यायपालिका की स्वायत्तता पर अंकुश लगा दिया गया, तथा मीडिया पर कठोर नियंत्रण स्थापित किए गए थे।



**जया किशोरी (वक्ता),** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
कितना भी अच्छा कर लो, कुछ लोग आपको कभी पसंद नहीं करेंगे।

### संकट में शिरोमणि अकाली दल: पार्टी के दो धड़ों की अलग-अलग बैठक से गरमाई सियासत

# सुखबीर सिंह बादल के खिलाफ विरोध के सुर मुखर, इस्तीफे की मांग

एजेंसी । चंडीगढ़

लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद शिरोमणि अकाली दल में अंदरूनी कलह सतह पर आ गई है और पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल के खिलाफ एक बार फिर बगावत के सुर मुखर हो गए हैं। पार्टी के अलग अलग गुटों ने मंगलवार को जब अलग-अलग बैठक की तो खींचतान खुलकर सामने आ गई। पार्टी के एक गुट ने जालंधर में पार्टी की हार पर मंथन किया और पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल और कई बड़े नेताओं के खिलाफ आवाज उठाई। इस बैठक में अकाली दल के कई वरिष्ठ नेता मौजूद थे। उन्होंने सुखबीर बादल से इस्तीफे तक की मांग कर डाली। वहीं, दूसरी तरफ चंडीगढ़ में सुखबीर सिंह बादल ने लोकसभा चुनाव में हार के कारणों का पता लगाने और पार्टी को दोबारा मजबूत करने के लिए पार्टी के चंडीगढ़ स्थित कार्यालय में जिला प्रधानों, पूर्व विधायकों और हलका प्रभारियों के साथ बैठक की।



### अकाली दल बचाओ आंदोलन 1 जुलाई से

चंदूमाजरा ने कहा कि एक जुलाई को हम सभी अकाली नेता श्रीअकाल तख्त साहिब पर माथा टेकेंगे। हम 1 जुलाई को वहां से शिरोमणि अकाली दल बचाओ आंदोलन शुरू करेंगे। इस यात्रा में अकाली दल के वरिष्ठ नेता हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल से अपील करता हूं कि वह कार्यकर्ताओं की भावनाओं को नजरअंदाज न करें।

### लोस चुनावों में अकेले उतरा था शिअद

2024 के लोकसभा चुनावों में पहली बार अकाली दल ने भाजपा से अलग होकर चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में अकाली ने सभी 13 सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े किए। लेकिन सिर्फ बठिंडा सीट पर अकाली दल के प्रधान सुखबीर सिंह बादल की पत्नी हरसिमरत कौर बादल ही जीत दर्ज पाई, बाकी की 12 सीटों पर अकाली दल के उम्मीदवारों को बड़ी हार का सामना करना पड़ा।

### बादल ने भाजपा पर लगाया साजिश रचने का आरोप

वहीं, चंडीगढ़ की बैठक में अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने भाजपा पर साजिश रचने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनाव में भाजपा से गठबंधन न करने का फैसला सही था। वहीं, इस बैठक में पार्टी के जिला अध्यक्षों ने ये आरोप लगाया है कि सरकार पंथ और पंजाब को नेतृत्वविहीन करने की साजिश रच रही है। अध्यक्षों ने कहा कि शिरोमणि अकाली दल को कमजोर करने या तोड़ने की कोशिशों के पीछे भाजपा और उसकी एजेंसियां हैं।

### सुखबीर सिंह बादल को खुद ही पीछे हटना चाहिए: चंदूमाजरा

जालंधर की मीटिंग में पूर्व सांसद प्रेम सिंह चंदूमाजरा, सिकंदर सिंह मलूका, बीबी जागीर कौर समेत कई नेता पहुंचे और सुखबीर बादल के इस्तीफे की मांग की गई। चंदूमाजरा ने कहा कि उन्हें त्याग की भावना दिखानी चाहिए। वहीं, सिकंदर सिंह मलूका ने कहा कि 2017 से 2024 तक जब पार्टी में यह हालात पैदा हो चुके हों तो उन्हें (बादल) अपने आप ही पीछे हट जाना चाहिए। चंदूमाजरा ने ये भी कहा कि आज इस बात पर गंभीर चर्चा हुई कि अकाली दल इतना कमजोर क्यों हो गया है? आज हम अर्श से फर्श पर क्यों आ गए?

### जैन की जमानत याचिका पर 9 जुलाई को फैसला



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली उच्च न्यायालय से मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 'आप' नेता और पूर्व मंत्री सत्येंद्र कुमार जैन की जमानत याचिका पर नौ जुलाई को फैसला सुनाने को कहा। जस्टिस मनोज मिश्रा और एसवीएन भट्टी की पीठ ने कहा कि जमानत के मामलों को अनावश्यक रूप से टालना ठीक नहीं है। दरअसल, सत्येंद्र जैन ने हाईकोर्ट की ओर से उनकी जमानत याचिका पर छह सप्ताह के स्थगन के खिलाफ शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाया था। ज्ञात रहे कि ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 30 मई, 2022 को जैन को गिरफ्तार किया था। सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में उन्हें 6 सितंबर, 2019 को एक ट्रायल कोर्ट से नियमित जमानत मिल गई थी।

### संघ नेता की हत्या: 17 आरोपियों को सशर्त जमानत

**केरल।** केरल उच्च न्यायालय ने पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 17 सदस्यों को सशर्त जमानत दे दी है। इन सभी पर वर्ष 2022 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के नेता श्रीनिवासन की हत्या का आरोप था। बता दें कि श्रीनिवासन की हत्या केरल के पलक्कड़ में की गई थी। न्यायाधीश ए के जयशंकरन नांबियार और श्याम कुमार की पीठ ने एनआईए की विशेष अदालत के फैसले को भी सही ठहराया। दरअसल एनआईए की विशेष अदालत ने इस हत्याकांड से जुड़े पीएफआई के नौ सदस्यों को राहत देने से इनकार कर दिया था। इस पर इस मामले के 26 आरोपियों ने हाई कोर्ट में जमानत के लिए अर्जी लगाई थी। हाईकोर्ट ने अपील पर सुनवाई करते हुए 26 में से 17 आरोपियों सशर्त जमानत दी है।

### आबकारी नीति घोटाले से जुड़ा धनशोधन का मामला

# केजरीवाल को नहीं मिली जमानत ट्रायल कोर्ट के फैसले पर रोक

■ हाई कोर्ट की टिप्पणी: ट्रायल कोर्ट ने रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री पर उचित रूप से विचार नहीं किया

एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को विशेष अदालत से मिली 20 जून को मिली जमानत पर रोक लगा दी है। हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश में कई खामियां गिनाते हुए केजरीवाल के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका पर यह फैसला दिया। केजरीवाल को मिली जमानत के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और रिहाई पर रोक लगाने की मांग की थी।

न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन एकल पीठ ने कहा, ईडी की ओर से दायर आवेदन को स्वीकार किया जाता है और विशेष अदालत के जमानत आदेश पर रोक लगाई जाती है। पीठ ने कहा कि अवकाशकालीन (विशेष अदालत) के न्यायाधीश ने इस मामले में रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री पर उचित रूप से विचार नहीं किया। निचली अदालत द्वारा यह टिप्पणी कि बहुत अधिक



सामग्री पर विचार नहीं किया जा सकता, पूरी तरह से अनुचित है और यह दर्शाता है कि उसने सामग्री पर अपना दिमाग नहीं लगाया है। पीठ ने यह भी कहा कि अवकाशकालीन न्यायाधीश को प्रवर्तन निदेशालय के जमानत आवेदन पर बहस करने के लिए पर्याप्त अवसर देना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने 24 जून को इस मामले में सुनवाई की थी और अगली सुनवाई के लिए 26 जून की तारीख मुकर्रर की थी। इससे पहले न्यायाधीश सुधीर कुमार जैन की पीठ ने ट्रायल कोर्ट अदालत के फैसले पर अंतरिम रोक लगाते हुए 21 जून को आदेश सुरक्षित रख लिया था। हाई कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाते हुए जमानत आदेश पर स्टे लगा दिया। अब इस मामले की सुनवाई नियमित बेंच करेगी। ज्ञात रहे कि ट्रायल कोर्ट की विशेष न्यायाधीश न्याय बिंदु ने 20 जून को केजरीवाल को जमानत दे दी थी और एक लाख रुपए के निजी मुचलके पर उन्हें रिहा करने का आदेश दिया था। केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद हैं।

### सुप्रीम कोर्ट गए थे केजरीवाल, आज होगी सुनवाई

केजरीवाल ने अपनी जमानत पर अंतरिम रोक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का भी रुख किया। हालांकि, कोर्ट ने इस पर त्वरित सुनवाई या रोक हटाने से इनकार करते हुए कहा कि मामले को 26 जून तक टाल दिया। सर्वोच्च अदालत ने कहा कि वह हाई कोर्ट के फैसले का इंतजार करेगा।

### फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे: आप

इस बीच,आम आदमी पार्टी ने इस मामले में अदालत के फैसले से असहमति जताते हुए इसे सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देने की बात कही है। पार्टी ने कहा कि जमानत पर आदेश को इस तरह से नहीं रोका जा सकता, सुप्रीम कोर्ट ने भी सोमवार को यही बात कही है। आम आदमी की प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा, यह पूरा शराब घोटाला फर्जी है और भाजपा कार्यालय में इसकी पटकथा लिखी गई है। ट्रायल कोर्ट ने साफ लिखा है कि अरविंद केजरीवाल को इस तथाकथित शराब घोटाले से जोड़ने वाला कोई सबूत नहीं है। वहीं, हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के आदेश को देखे बिना ही स्थगन आदेश दे दिया। हम इस फैसले से असहमत हैं, हमारी कानूनी टीम इस पर विचार कर रही है और जो भी उचित कदम होगा जरूर उठाएगी।

### मध्य प्रदेश: मोहन यादव सरकार का फैसला

# अब सरकार नहीं, CM व मंत्री अपनी जेब से चुकाएंगे आयकर

एजेंसी । भोपाल

मध्य प्रदेश की डॉ. मोहन यादव सरकार ने 52 साल पुराना नियम बदल दिया है। अब राज्य के मुख्यमंत्री और मंत्रियों को अपनी आय पर आयकर अपनी जेब से चुकाना होगा। इसमें अब तक सरकारी खजाने से जो मदद मिलती थी, वह आगे नहीं मिल सकेगी। यानी जनता की जेब से टैक्स वसूलकर मंत्रियों का टैक्स चुकाने के नियम को खत्म कर दिया गया है। मुख्यमंत्री यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को में कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री यादव ने मुख्यमंत्री और मंत्रियों के वेतन-भत्तों पर लगने वाले आयकर को राज्य सरकार के खजाने से भरने के नियम को बदलने का प्रस्ताव किया। मंत्रियों ने मेज थपथपाकर इस प्रस्ताव को स्वीकार किया और मंजूरी दी। इस प्रस्ताव के पारित होने के बाद अब मुख्यमंत्री और मंत्री को मिलने वाले वेतन और भत्तों पर लगने वाले आयकर को उन्हें ही अपनी जेब से भरना होगा। इससे पहले 1972 में बना नियम लागू था। इसके तहत मुख्यमंत्री और मंत्रियों को मिलने वाले वेतन-भत्तों पर टैक्स राज्य सरकार के खजाने से चुकाया जाता था। बैठक के बाद सीएम यादव ने कहा कि हमने निर्णय किया है कि हमारे मंत्रीगण अपना स्वयं का आयकर चुकाएंगे। इसके लिए वे शासन से कोई वित्तीय सहायता नहीं लेंगे।



### शहीद के माता-पिता को मिलेगी 50% सहायता राशि

कैबिनेट ने एक अन्य निर्णय लिया है कि प्रदेश में सेना, केंद्रीय पुलिस और सुरक्षा बलों के साथ ही पुलिस के किसी जवान के शहीद होन पर दी जाने वाली सहायता राशि की पचास प्रतिशत पत्नी या जीवनसाथी को दी जाएगी। वहीं, शेष 50 प्रतिशत राशि जवान के माता-पिता को दी जाएगी। अब तक 100 प्रतिशत राशि जीवनसाथी को दी जाती थी। जानकारी देते हुए मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि एक करोड़ रुपए की सहायता राशि दी जाती है। कुछ मामलों में देखऩे में आया है कि जवान की पत्नी को तो आर्थिक मदद मिल जाती थी लेकिन उसके माता-पिता तरस जाते थे। इसी वजह से यह नियम बदला गया है।

### बसपा प्रमुख का कांग्रेस व भाजपा पर तीखा हमला

# राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान के साथ किया खिलवाड़: मायावती

एजेंसी । लखनऊ

बसपा सुप्रीमो मायावती ने मंगलवार को भाजपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि इन दोनों दलों ने अंदर ही अंदर मिलकर अनेक संशोधनों के जरिए इस संविधान को काफी हद तक जातिवादी, सांप्रदायिक और पूंजीवादी संविधान बना दिया है।

मायावती ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि अब संसद के अंदर और बाहर संविधान की कॉपी दिखाने की होड़ में लगे सत्ता और विपक्ष एक ही थाली



के चट्टे-बट्टे लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये लोग अपने-अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए संविधान के साथ जो खिलवाड़ कर रहे हैं, वह कतई उचित नहीं है। सत्ता और विपक्ष ने अब तक अंदर-ही-अंदर मिलकर इतने ज्यादा संशोधन कर दिए हैं कि अब यह बाबा साहब डॉक्टर अंबेडकर की मंशा वाला समतामूलक, धर्मनिरपेक्ष और बहुजन हिताय वाला संविधान नहीं रह गया है। बल्कि अधिकांश तौर पर अब यह जातिवादी, सांप्रदायिक एवं पूंजीवादी संविधान बन गया है।

उन्होंने कहा कि जनता का ध्यान बांटने के लिए सत्ता और विपक्ष द्वारा आपसी मिलीभगत से जबर्दस्ती संविधान बचाने का नाटक किया जा रहा है जिससे देश की जनता को जरूर सावधान रहना है।

### मिलते-जुलते चुनाव चिह्न को सूची से हटाया जाए: राकांपा (SP)


**मुंबई।** शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने चुनाव आयोग को पत्र लिखकर चुनाव चिह्न के आवंटन को लेकर जल्द फैसला करने को कहा है। पार्टी ने मांग की है कि पिछले साल उसे आवंटित 'तुतारी' चुनाव चिह्न से मिलते-जुलते पिपानी को चुनाव चिह्नों की सूची से बाहर कर दिया जाए। पार्टी ने ने दावा किया है कि 'पिपानी' चुनाव चिह्न निर्दलीयों को आवंटित करने से लोकसभा चुनाव में मतदाता भ्रमित हुए और कुछ निर्वाचन क्षेत्रों में उसे भारी नुकसान हुआ। पार्टी ने कहा कि यह चुनाव लड़ने के लिए 'एक समान खेल का मैदान' (लेवल प्लेइंग फील्ड) बनाने के सिद्धांत के खिलाफ है।

### भाजपा नेता नीरज कुमार का दावा

# विधानसभा चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ेगी भाजपा

एजेंसी । पटना

बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने स्पष्ट कर दिया है कि वह चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही लड़ा जाएगा। भाजपा नेता नीरज कुमार ने कहा कि 2025 का विधानसभा चुनाव हम लोग सीएम नीतीश कुमार के कुशल नेतृत्व में लड़ेंगे और अपार बहुमत के साथ सरकार बनायेंगे। हमारी पार्टी के केंद्रीय और राज्य नेतृत्व दोनों का यही फैसला है। ज्ञात रहे कि संख्या बल के हिसाब से भाजपा बड़ी पार्टी है लेकिर राज्य में सरकार को नेतृत्व नीतीश कुमार



ही कर रहे हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में भी राजग नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनावी मैदान में उतरा। इस बार यानी 2025 के भी यही स्थिति रहेगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी पहले भी यह बात साफ कर चुके हैं। उन्होंने कहा था कि बिहार में भाजपा नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही आगे भी रहेगी। लोकसभा सीट बंटवारे के समय सीट घटाए जाते समय ही भाजपा की ओर से जनता दल यूनाइटेड को इस बात का आश्वासन दिया गया था और बाकी घटक दलों ने भी उसी को देखते हुए कम सीटों पर समझौता किया था। लोग लगातार सवाल कर रहे थे कि क्या 2025 के विधानसभा में भाजपा सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी?

### बिहार की डायरी: विस चुनाव की तैयारी शुरू

# कोइरी वोट बैंक को साधन में जुटे हैं नीतीश कुमार और लालू यादव

■ राजद ने अभय सिंह कुशवाह को बनाया पार्टी संसदीय दल का नेता ■ जदयू ने भगवान सिंह कुशवाह को बनाया एमएलसी उपचुनाव में पार्टी प्रत्याशी

एजेंसी । पटना

लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजे आने के बाद बिहार में कोइरी वोट बैंक को साधने की राजनीति चरम पर है। लोकसभा चुनाव में राजग को बिहार में आखिरी चरण की 8 में से 6 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। इनमें अधिकतर सीटें दक्षिण बिहार के मगध और शाहाबाद क्षेत्र की हैं। राजनीतिक विश्लेषणों और चुनाव नतीजों पर भाजपा की आंतरिक रिपोर्ट में सामने आया कि कोइरी-कुशवाहा वोटरों के छिटकने से राजग को आखिरी चरण में भारी नुकसान हुआ। अब राजद की ओर से अभय सिंह कुशवाह को लोकसभा में पार्टी संसदीय दल का नेता बनाया जाना कोइरी वोटों पर अपनी पकड़ मजबूत करने की राजद की रणनीति का ही हिस्सा है। वहीं, जदयू ने एमएलसी उपचुनाव में भगवान सिंह कुशवाह को उम्मीदवार बनाकर कोइरी वोटबैंक को साधने की कोशिश की है।

भगवान सिंह कुशवाहा जगदीशपुर से चार बार विधायक रह चुके हैं। इसके अलावा वे नीतीश सरकार में मंत्री भी रह चुके



हैं। 2020 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू ने उनका टिकट काट दिया था। तब उन्होंने लोजपा के सिंबल पर चुनाव लड़ा था। हालांकि उन्हें जीत नहीं मिली थी। 2021 में वे जेडीयू में वापस आ गए थे। अब नीतीश उन्हें एमएलसी बनाकर विधान परिषद में भेज रहे हैं।

### नई व्यूह रचना में जुटे नीतीश

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार अगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जदयू राजद प्रमुख लालू यादव की रणनीति को देखते हुए अपना लव-कुश वोट बैंक बचाने के लिए नई व्यूह रचना करने में जुटी है। वह दलित वोट बैंक साधने में भी जुटे हैं। ज्ञात रहे कि लोकसभा चुनाव में राजद प्रमुख लालू यादव ने दक्षिण बिहार की औरंगाबाद लोकसभा सीट पर कुशवाहा फैक्टर पर दांव चला था। उन्होंने वहां से कोइरी उम्मीदवार के रूप में जेडीयू से आए अभय सिंह कुशवाहा को टिकट दिया। उन्होंने राजद को पहली बार यहां जीत का स्वाद चखाया। इसी बात को ध्यान में रखते हुए नीतीश नई रणनीति बनाने में जुटे हैं। अब राजद ने अभय सिंह कुशवाहा को पार्टी के संसदीय दल का नेता भी बना दिया। इसे नीतीश के लव-कुश वोट बैंक यानी कोइरी वोटों में सेंध लगाने के राजद प्रमुख लालू यादव की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है।

### दिलेश्वर कामत लोकसभा में जदयू के नेता, राज्यसभा में संजय झा को कमान

**पटना।** सुपौल से दूसरी बार सांसद बने दिलेश्वर कामत लोकसभा में जदयू संसदीय दल के नेता होंगे। वहीं राज्यसभा में संजय झा पार्टी के नेता होंगे। संजय झा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी माने जाते हैं और पार्टी में उनकी अहम जगह है। बिहार सरकार में वो मंत्री भी रह चुके हैं। कामत महादलित वर्ग के बड़े चेहरों में एक हैं। इससे पहले जेडीयू ने एमएलसी उपचुनाव में भगवान सिंह कुशवाहा को उम्मीदवार बनाया है। इसे कोइरी वोट बैंक को साधने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है। बिहार में आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर नीतीश का ये बड़ा दांव माना जा रहा है। ज्ञात रहे कि जेडीयू संसदीय दल की बैठक में सारे फैसलों के लिए नीतीश कुमार को अधिकृत किया गया था। लोकसभा चुनाव में 16 सीट लड़कर 12 सीट जीती जेडीयू एनडीए के साथ है।

## जरूरी खबर

### प्रज्वल पर यौन उत्पीड़न का एक और मामला दर्ज



**बेंगलुरु।** कई महिलाओं के यौन शोषण और दुष्कर्म के आरोपों में घिरे जनता दल सेक्युलर (जेडी-एस) के पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। दरअसल उन पर एक और एफआईआर दर्ज की गई है। एक महिला ने आरोप लगाया है कि प्रज्वल ने उसकी नग्न तस्वीरें खींची। मामले में पूर्व भाजपा विधायक प्रीतम गौड़ा भी नामजद है। गौड़ा पर प्रज्वल द्वारा पीड़िता के यौन शोषण के दौरान खींची तस्वीरों को साझा करने का आरोप है। इस नई FIR के साथ प्रज्वल पर अब तक चार मामले दर्ज हो गए हैं।

### ज्ञानेन्द्र रावत को मिला जेपी सेनानी सम्मान



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद ज्ञानेन्द्र रावत को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में जेपी सेनानी सम्मान से सम्मानित किया गया इसका आयोजन जेपी आंदोलन के 50 वर्ष पूर्ण होने पर लोकनायक जय प्रकाश अंतरराष्ट्रिय अध्ययन विकास केन्द्र की ओर से आयोजित संपूर्ण क्रांति आंदोलन महोत्सव के तहत किया गया। यह सम्मान रावत को हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने प्रदान किया। इनके अलावा प्रमुख आंदोलन कर्मी रघुपति, कुमार अनुपम, पूर्व मंत्री बिहार श्याम रजक, प्रसिद्ध समाजवादी श्याम गंभीर एवं महात्मा गांधी स्मारक ट्रस्ट बाराबंकी के अध्यक्ष राजनाथ शर्मा भी जेपी सेनानी सम्मान से सम्मानित किए गए।

### पुणे कार हादसा: नाबालिग की रिहाई का आदेश

**पुणे।** पुणे के पोर्श कार दुर्घटना मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने हादसे के आरोपी नाबालिग को संप्रेक्षण गृह से रिहा करने के आदेश दिए हैं। हाई कोर्ट ने माना कि यह गंभीर अपराध है लेकिन कहा हमारे हाथ कानून से बंधे हैं। कानून का उल्लंघन करने पर किसी भी बच्चे के साथ वयस्कों जैसा व्यवहार नहीं किया जा सकता।। न्यायाधीश भारती डांगरे और न्यायाधीश मंजुषा देशपांडे की पीठ ने यह फैसला सुनाया। दरअसल किशोर की चाची ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी। याचिका में किशोर की रिहाई की मांग की गई थी।

## वायुसेना प्रमुख ने सेमिनार को किया संबोधित




*नई दिल्ली। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने मंगलवार को वायु सेना (आईएएफ), कॉलेज ऑफ एयर वारफेयर (सीएडब्ल्यू) और सेंटर फॉर एयर पावर स्टडीज (सीएपीएस) की ओर से वारफेयर एंड एयरोस्पेस स्ट्रेटेजी प्रोग्राम के तहत आयोजित एक बहुआयामी सेमिनार को संबोधित किया। इस मौके पर सीडीए जनरल अनिल चौहान व वायुसेना अधिकारियों के साथ वायुसेना प्रमुख चौधरी।*

### मोदी जुलाई में जाएंगे रूस तैयारियां शुरू!



**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पीएम मोदी पहली बार रूस की यात्रा पर जाने वाले हैं।उनकी रूस यात्रा को लेकर दोनों देशों ने तैयारियां शुरू कर दी है। हालांकि, किसी भी देश ने इस यात्रा को लेकर अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं की है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार भारतीय और रूसी अधिकारी इस बारे में लगातार एक दूसरे से संपर्क में हैं। यदि पीएम मोदी जुलाई में अगर रूस की यात्रा पर जाते हैं तो पांच सालों में मास्को की उनकी पहली यात्रा होगी।

मालूम हो कि इससे पहले उन्होंने सितंबर, 2019 में रूस की यात्रा की थी। हालांकि, पीएम मोदी रूस जाने वाले हैं या नहीं, इस पर विदेश मंत्रालय ने अभी तक किसी भी तरह की कोई जानकारी नहीं दी है।

आपातकाल को लेकर मोदी का एक बार फिर सियासी प्रहार

# इमरजेंसी लगाने वाले ना दिखाएं संविधान के प्रति प्रेम:पीएम मोदी

एजेंसी | नई दिल्ली

आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने आपातकाल लगाया था, उन्हें संविधान के लिए प्रेम का दिखावा करने की जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन लोगों ने ही आर्टिकल 356 को लागू कर दिया था और प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए विधेयक लेकर आए थे। इन लोगों ने संघीय ढांचे को खत्म करने और संविधान का उल्लंघन करने का हर संभव प्रयास किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा, जिस पार्टी ने आपातकाल लगाया था उनकी मानसिकता नहीं बदली है। वे दिखावा करके संविधान के तिरस्कार को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन देश के लोगों ने उनकी हरकतें देख ली हैं और इसीलिए एक बार फिर उन्हें खारिज कर दिया है। बता दें कि 49 साल पहले 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार ने देश में आपतकाल लगाया था। संविधान के अनुच्छेद 352 में राष्ट्रपति को आपातकाल लगाने का अधिकार दिया गया है। पीएम मोदी कहा, आज आपताकाल के विरोध में खड़े होने वाले महापुरुषों और महिलाओं के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है। आपातकाल के काले दिन याद दिलाते हैं कि किस तरह से कांग्रेस पार्टी ने आम आदमी की स्वतंत्रता छीन ली थी और संविधान को कुचल डाला था।



### संविधान की कॉपी हाथ में लेकर शपथ लेने पहुंचे राहुल-अखिलेश

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को संसद में सांसद के रूप में शपथ ली. इस दौरान उनके हाथ में संविधान की कॉपी दिखाई दी। इस दौरान राहुल गांधी ने जय हिंद, जय संविधान का नारा लगाया। शपथ लेने के बाद उन्होंने ने चेयर के पीछे खड़े मार्शल से हाथ भी मिलाया। वहीं, कन्नौज लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी के सांसद अखिलेश यादव भी संविधान की कॉपी हाथ में लेकर शपथ लेने पहुंचे। शपथ लेने के बाद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में लिखा, संविधान की रक्षा करना हर देशभक्त भारतीय का कर्तव्य है, हम इस कर्तव्य को पूरी तरह से निभाएंगे।



यूपी: योगी कैबिनेट का बड़ा फैसला

# महिलाओं-बच्चों के खिलाफ अपराध पर अग्रिम जमानत नहीं

एजेंसी | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध अपराध करने वालों को अग्रिम जमानत नहीं मिल सकेगी। केंद्र सरकार के नए आपराधिक कानूनों में अग्रिम जमानत के प्रावधानों के दृष्टिगत राज्य सरकार संशोधन अध्यादेश लेकर आई है। मंगलवार को कैबिनेट में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (उत्तर प्रदेश संशोधन) अध्यादेश 2024 के प्रारूप को मंजूरी दे दी गई। राज्यपाल की सहमति के बाद गृह विभाग इसकी अधिसूचना जारी करेगा।

वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि गिरफ्तारी की आशंका वाले व्यक्ति की अग्रिम जमानत मंजूर करने के लिए भारतीय सुरक्षा संहिता 2023 में प्रावधान किए गए हैं। इसमें उप्र राज्य की विशिष्ट परिस्थितियों के दृष्टिगत संशोधन किया जाना जरूरी है। इसके लिए राज्य सरकार अध्यादेश लेकर आई है।

### पेपर लीक पर उम्रकैद, एक करोड़ का जुर्माना

बैठक में सार्वजनिक परीक्षाओं में अनुचित साधनों और पेपर लीक की रोकथाम के लिए अध्यादेश को मंजूरी प्रदान की गई है। इस अध्यादेश के तहत उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सजा के कड़े प्राविधान सम्मिलित किए गए हैं, जिनमें दो साल से लेकर आजीवन कारावास तक का दंड और एक करोड़ रुपए तक के जुर्माने को शामिल किया गया है।

भारत-रूस कॉरिडोर ने रचा इतिहास

# साइबेरिया से ट्रेन कोयला लेकर मुंबई रवाना

- ईरान के बाद समुद्री रास्ते से आएगा माल

एजेंसी | मास्को/नई दिल्ली

भारत और रूस के बीच बने उत्तर-दक्षिण कॉरिडोर ने इतिहास रच दिया है। इस कॉरिडोर के रास्ते पहली बार भारत की ओर जाने वाले दो ट्रेनें रवाना हुई हैं। कुजबास से भारत की ओर जाने वाली दोनों ट्रेनें उत्तर-दक्षिण अंतरराष्ट्रीय परिवहन कॉरिडोर के रास्ते यात्रा पर निकली हैं। इन ट्रेनों की यात्रा साइबेरिया से शुरू हुई और फिर कजाकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान से होते हुए ईरानी बंदरगाह बंदर अब्बास पहुंची। इसके बाद अब ट्रेनों में लदा कोयला मुंबई के लिए समुद्र के रास्ते यात्रा के अंतिम चरण में रवाना होगा।



### क्या है उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा

अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा भारत, ईरान, अजरबैजान, रूस, मध्य एशिया और यूरोप के बीच माल ढुलाई के लिए जहाज, रेल और सड़क मार्ग का एक 7,200 किलोमीटर (4500 मील) लंबा मल्टी-मोड नेटवर्क है। इस मार्ग में मुख्य रूप से भारत, ईरान, अजरबैजान और रूसी संघ से जहाज, रेल और सड़क के माध्यम से माल ले जाना शामिल है। गलियारे का उद्देश्य मुंबई, मॉस्को, तेहरान, बाकू, बंदर अब्बास, अस्त्राखान, बंदर अंजली आदि जैसे प्रमुख शहरों के बीच व्यापार संपर्क बढ़ाना है। 2014 में दो मार्गों का ड्राई रन किया गया था, पहला मुंबई से बाकू वाया बंदर अब्बास और दूसरा मुंबई से अस्त्राखान वाया बंदर अब्बास, तेहरान और बंदर अंजली विचाराधीन अन्य मार्गों में कजाकिस्तान और तुर्कमेनिस्तान के रास्ते शामिल हैं।

एनटीए को नया कार्यक्रम जारी करने के निर्देश

# स्थगित परीक्षाएं जुलाई-अगस्त में!

एजेंसी | दिल्ली

यूजीसी नेट सहित कई परीक्षाओं के अचानक से रद्द या फिर स्थगित होने से परेशान छात्रों के लिए राहत भरी खबर है। उन्हें इन परीक्षाओं के लिए अब ज्यादा लंबा इंतजार नहीं करना होगा, बल्कि इन परीक्षाओं को जुलाई-अगस्त तक कराने की योजना पर काम शुरू हो गया है। फिलहाल इन सभी परीक्षाओं का अगले दस दिनों के भीतर नया कार्यक्रम भी जारी हो जाएगा। परीक्षाओं के रद्द या स्थगित होने से छात्रों में बढ़ी रही निराशा को देखते हुए शिक्षा मंत्रालय ने एनटीए को जल्द ही इन सभी परीक्षाओं के नए कार्यक्रम जारी करने के निर्देश दिए है।

### ये परीक्षाएं हुई हैं स्थगित

अब तक जो अहम परीक्षाएं रद्द या स्थगित हुई है, उनमें यूजीसी-नेट, नए बीएड कोर्सों में दाखिले से जुड़ी परीक्षा, यूजीसी-सीएसआईआर-नेट परीक्षा आदि शामिल है। इनमें से यूजीसी नेट की परीक्षा को पेपर लीक होने के चलते रद्द किया गया था।

### निजी एजेंसियों की जुटाई जा रही जानकारी

सूत्रों के मुताबिक, जिस तरह से परीक्षा से जुड़ी गड़बड़ियों के पीछे एनटीए में काम करने वाले लोगों की भूमिका पर सवाल उठ रहे है, उसे देखते हुए यहां काम करने वाली निजी एजेंसियों और कर्मचारियों की नए सिरे से जानकारी भी जुटाई जा रही है। साथ ही परीक्षाओं में अब तक अपनाए जाने वाले मानकों की भी जानकारी ली गई है।

शपथ ग्रहण के बाद कई सांसदों की टिप्पणी पर हंगामा

# ओवैसी ने लगाया जय फिलिस्तीन का नारा, सत्ता पक्ष ने जताया विरोध

एजेंसी | नई दिल्ली

18वीं लोकसभा के सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को काफी गहमागहमी देखने को मिली है। एक तरफ जहां एएमआईएमआईएम के प्रमुख और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ ग्रहण करने के बाद 'जय फिलिस्तीन' का नारा लगाया। वहीं बरेली से भाजपा के सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने शपथ ग्रहण के बाद जय हिंदू राष्ट्र नारा लगाया। इन दोनों ही मामलों को लेकर सदन में जमकर हंगामा हुआ। ओवैसी ने शपथ से पहले बिस्मिल्लाह पढ़ा। इसके बाद उन्होंने उर्दू में शपथ ली। शपथ पूरी हो जाने के बाद उन्होंने जिन शब्दों के साथ इसे समाप्त किया उनमें जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलीस्तीन शामिल थे। आखिर में ओवैसी ने 'अल्लाह हू अकबर' भी कहा। ओवैसी के 'जय फिलीस्तीन' कहने पर सदन में सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया। केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने कहा, एआईएमआईएम सांसद ओवैसी ने संसद में जय फिलीस्तीन का जो नारा दिया है वह बिल्कुल गलत है। यह सदन के नियम के खिलाफ है। ये भारत में रहकर भारत माता की जय नहीं बोलते... लोगों को समझना चाहिए कि ये देश में रहकर असंवैधानिक कार्य करते हैं।



### गंगवार की टिप्पणी पर भी हुआ हंगामा

दूसरी ओर गंगवार ने शपथ लेने के बाद 'जय हिंदू राष्ट्र, जय भारत' बोल दिया। उनके इस नारे के बाद विपक्षी सांसदों ने सदन में हंगामा करना शुरू कर दिया और इसे संविधान विरोध कृत्य बताया। गाजियाबाद लोकसभा सीट से चुने गए भाजपा के सांसद अतुल गर्ग ने शपथ के बाद जनसंघ और भाजपा नेताओं की जय बोली और पीएम नरेंद्र मोदी का भी नाम लिया। इसके बाद वह जब मंच से जाने लगे तो इस दौरान राहुल गांधी समेत कई विपक्षी सांसदों ने ऐतराज जताया। इस पर गर्ग आधे रास्ते से लौट आए और फिर डॉ. हेडगेवार जिंदाबाद बोलकर लौटे। वहीं, इस बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने लोकसभा के सदस्य के रूप में शपथ लेते समय 'री-नीट' लिखी टी-शर्ट पहन रखी थी और शपथ ग्रहण के आखिर में उन्होंने, 'री-नीट, बिहार को विशेष दर्जा, सीमांचल जिंदाबाद, मानवतावाद जिंदाबाद, भीम जिंदाबाद, संविधान जिंदाबाद कहा। इस दौरान उनकी सत्ता पक्ष के सदस्यों के साथ तीखी नोकझोंक भी हुई।

### ओवैसी ने किया अपनी टिप्पणी का बचाव

हालांकि, संसद के बाहर पत्रकारों से बातचीत में ओवैसी ने अपनी टिप्पणी का बचाव करते हुए कहा, अन्य सदस्य भी अलग-अलग बातें कह रहे हैं। मैंने कहा 'जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना, जय फिलिस्तीन'। यह गलत कैसे है? मुझे संविधान का प्रावधान बताइए। आपको भी दूसरों की बातें सुननी चाहिए। मैंने वही कहा जो मुझे कहना था। महात्मा गांधी ने फिलिस्तीन के बारे में क्या कहा था, इसे पढ़िए। जब उनसे फिलिस्तीन का जिक्र करने का कारण पूछा गया, तो ओवैसी ने बताया, वे उत्पीड़ित लोग हैं।

### शपथ से परे कोई भी बयान नहीं होगा दर्ज

सत्ता पक्ष के सदस्यों की तीखी प्रतिक्रिया के बाद ओवैसी के बयान को आधिकारिक रिकॉर्ड से हटा दिया गया। आसन पर मौजूद भाजपा के राधा मोहन सिंह ने सदस्यों को आश्वासन दिया कि औपचारिक शपथ से परे कोई भी बयान दर्ज नहीं किया जाएगा। कुछ मिनट तक हंगामा जारी रहा, जिसके बाद शपथ ग्रहण दोबारा शुरू हुआ। इसके बाद आसन पर लौटे प्रोटेम स्पीकर भर्तृहरि महताब ने कहा कि केवल शपथ का मूल पाठ ही रिकॉर्ड में दर्ज किया जा रहा है। उन्होंने कहा, मैंने पहले भी कहा है कि मूलपाठ के अलावा किसी और चीज का जिक्र करने से बचें। इसका पालन किया जाना चाहिए।

### केंद्रीय मंत्री ने की कार्रवाई की मांग

केंद्रीय मंत्री शोभा करंदलाजे ने गृह मंत्री के कार्यालय को पत्र लिखकर उनके भाषण पर आपत्ति जताई है और मामले में कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने प्रोटेम स्पीकर से अनुरोध किया है कि वे ओवैसी को एक बार फिर शपथ लेने के लिए कहें।

## राजस्थानी सिनेमा 2024: पिछले साल 7 जुलाई को रिलीज हुई थी लास्ट फिल्म

# 1 साल से किसी भी राजस्थानी फिल्म ने सिनेमाघर का मुंह तक नहीं देखा

शिवराज गुर्जर | बेधड़क

**जयपुर।** आज के ठीक 11 दिन बाद 1 साल हो जाएगा, किसी भी राजस्थानी फिल्म को सिनेमाघर का मुंह देखे हुए। लास्ट फिल्म पिछले साल 7 जुलाई को रिलीज हुई थी। यह तो हुई अभी की बात। पिछले साल की बात करें तो 2023 में भी मात्र तीन ही फिल्में रिलीज हुई थीं, वह भी 7 महीने में। यानी कि एवरेज देखें तो 2 महीने में एक फिल्म सिनेमाघर में पहुंची थी। सिनेमा लवर्स को करंट सिचुवेशन को देखते हुए लग रहा है कि राजस्थानी सिनेमा की 2024 में शायद इससे भी बुरी हालत हो। पिछले साल 3 फिल्में तो आई थीं, इस साल यह आंकड़ा एक पर ही सिमटकर नहीं रह जाए।




### पिछले साल अमिताभ की बाहुबली से खुला था खाता

पिछले साल राजस्थानी फिल्मों की सिनेमा घर में पहुंचने की शुरुआत विपिन तिवारी के निर्देशन में बनी फिल्म बाहुबली से हुई थी। यह फिल्म 24 फरवरी 2023 को रिलीज हुई थी। इसमें लीड रोल में अमिताभ थे। उनके अपोजिट दो हीरोइन थीं, एक परी शर्मा और दूसरी वाणी। इस फिल्म का प्रीमियर राजमंदिर में किया गया था। राज्य सरकार के अनुदान राशि बढ़ाने के बाद पूरा 25 लाख रुपए सब्सिडी पाने वाली यह पहली फिल्म रही।

### 2023 का सूखा अब तक जारी

पिछले साल जुलाई में सिनेमाघर में पड़ा राजस्थानी फिल्मों का सूखा 2024 में भी जारी है। पिछले साल के 6 महीने पूरे होने के बाद नए साल के भी 6 महीने कंप्लीट होने को आए हैं, लेकिन अभी तक कोई भी राजस्थानी फिल्म सिनेमाघर में नहीं पहुंची है। उम्मीद है कि जुलाई में शायद यह सूखा खत्म हो जाना चाहिए।



### हम ही क्यों पिछड़े हैं !

आज रीजनल सिनेमा मेनस्ट्रीम सिनेमा को बराबर की टक्कर दे रहा है। यहां तक की साउथ का सिनेमा तो उससे भी बेहतर स्थिति में है। वहां आज पेन इंडिया फिल्में बनने लगी है। मराठी, भोजपुरी, गुजराती और पंजाबी सिनेमा भी बहुत बेहतर स्थिति में है। मराठी और भोजपुरी में भी पेन इंडिया फिल्मों का दौर की शुरू हो गया है। एक तरफ यह रीजनल सिनेमा है और दूसरी तरफ राजस्थानी सिनेमा, जहां 12-12 महीने तक कोई फिल्म रिलीज नहीं हो रही। सिनेमा लवर्स का कहना है कि इसका कारण कोई भी रहा हो, उसे जानने और उसका रोजणा रोने से कुछ नहीं होने वाला। मुकाबले में आने के लिए प्रोपर तैयारी से आज के समय की फिल्म बनानी होगी।

### गोविंद सिंह की हुई थी दो मूवी रिलीज

2023 में दूसरी फिल्म बीनणी भाग ज्यासी और तीसरी मेगा हाईवे रिलीज हुई। खास बात यह रही कि इन दोनों की फिल्मों में हीरो गोविंद सिंह राजपूत थे। बींदणी भाग ज्यासी फिल्म 14 अप्रैल को सिनेमाघर में प्रदर्शित हुई, जबकि मेगा हाईवे 7 जुलाई को रिलीज हुई। गोविंद सिंह की मेगा हाईवे 2023 में रिलीज होने वाली लास्ट राजस्थानी फिल्म रही। इसके बाद के 5 महीने कोई भी फिल्म सिनेमा घर पर नहीं पहुंची।

## अच्छे भविष्य के लिए टिप्स लिए



**बेधड़क. जयपुर।** कहते हैं अपने विशेष दिन की शुरुआत बड़ों के आशीर्वाद लेकर करनी चाहिए। ऐसे में जय नायक ने भी अपने विशेष दिवस के उपलक्ष पर मालवीय नगर विधायक कालीचरण सर्राफ से आशीर्वाद लेते हुए भविष्य के लिए उनसे टिप्स लिए। उनको 50वीं वैवाहिक वर्षगांठ की बधाई भी दी। साथ ही लंबी चर्चा की। इस अवसर पर वार्ड 125 पार्षद राम प्रसाद शर्मा, क्रिस्टल कोर्ट व्यापार मंडल अध्यक्ष बाबू भाई, सुरेश अरोड़ा, खेम सिंह, तन्मय चौधरी, प्रवीण मेहता, वींरेंद्र नायक, विकास सिंह, विपिन नायक और प्रशांत सिंधी उपस्थित रहे।

## POTC के तमायो को किया याद

**बेधड़क. जयपुर।** हॉलीवुड की फेमस मूवी 'पाइरेट्स ऑफ द कैरेबियन' तो सबको याद है। इस मूवी में एक्टर तमायो पेरी ने भी काम किया था। बुरी खबर है, कि उनका निधन हो गया है। वे समंदर में सर्फिंग कर रहे थे, तभी शार्क ने उन पर अटैक कर दिया। उनकी मौत के बाद सोशल मीडिया पर उनको श्रृद्वांजलि देने वालों की पोस्ट आने लगी और सब उनके बारे में जानने को उत्सुक नजर आए। जयपुराइट्स ने भी उनको याद किया और सोशल मीडिया पर कभी आरआईपी तो कभी ओम शांति लिखते रहे। बताया जाता है, कि वे समंदर की लहरों के आदि थे और लाइफ गार्ड के रूप में भी काम किया करते थे। बात की जाए एक्टिंग की तो उन्होंने पाइरेट्स ऑफ दे कैरेबियन के अलावा ब्लू क्रश और चार्ली एंजेल्स में भी काम किया था, जिससे उनको पहचान मिली थी।

## विशेषज्ञों ने युवाओं को दिए टिप्स



**बेधड़क. जयपुर।** एक्सपर्ट जब युवाओं से मिले तो कई नई जानकारियां सामने आईं। मौका था युवाओं के लिए काम करने वाली दो संस्थाओं की ओर से मोटिवेशनल स्पीकर विक्रम शर्मा के सेशन आयोजित करने का, जिसमें यंगेस्टर्स ने पार्टिसिपेट किया। एमएनआईटी परिसर में हुए सेशन में का मकसद किशोरावस्था में रिलेशनशिप को सही ढंग से निभाने के तरीकों को बताना भी रहा। विशेषज्ञ ने युवाओं में रिश्तों के लिए विश्वास और संवाद जरूरी को जरूरी बताया। मोटिवेशनल स्पीकर विक्रम शर्मा रूबरू हुए और डिसीजन मेकिंग पर भी युवाओं से इंटरेक्ट किया। उन्होंने कई टिप्स दिए और बातचीत के जरिए उनके अंदर झांकने की कोशिश की। पार्टिसिपेंट्स ने भी उनसे सवाल करते हुए जिज्ञासा शांत की।

# City इवेंट्स

### आम सभा की असाधारण बैठक 30 को



**बेधड़क, जयपुर।** डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। निवर्तमान अध्यक्ष डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा के इस्तीफे से रिक्त हुए अध्यक्ष पद पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनवारी लाल बैरवा के द्वारा को सलाहकार मंडल की सलाह पर अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करने का अनुमोदन प्रदान किया गया। कार्यसमिति की बैठक में दिनांक 30 जून को सोसायटी प्रांगण में सोसायटी की आम सभा की असाधारण बैठक रखने का निर्णय लिया गया।

### तीन दिवसीय युवा नाट्य समारोह 28 से

**बेधड़क, जयपुर।** जवाहर कला केन्द्र की ओर से 28 से 30 जून तक तीन दिवसीय युवा नाट्य समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान युवा नाट्य निर्देशक अनुदान योजना 2023-24 के अंतर्गत चयनित तीन निर्देशकों के नाटकों का मंचन किया जाएगा। इन नाटकों से युवा कलाकारों को रचनात्मकता प्रदर्शित करने के लिए मंच मिलेगा। 28 जून को देशराज गुर्जर के निर्देशन में शाम 6:30 बजे रंगायन में 'गोरधन के जूते' नाटक का मंचन होगा। 29 जून को सायं 6:30 बजे शिल्पग्राम में रोहित अग्रवाल का 'लट्ठा और चाशनी' नाटक खेला जाएगा। 30 जून को शाम 5 बजे कृष्णायन में नाटक 'कठपुतलियां' का मंचन होगा। इसका नाट्य रूपांतरण और निर्देशन अनुराग सिंह राठौड़ ने किया है। गौरतलब है रंगकर्म के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले युवा नाट्य निर्देशकों को प्रोत्साहित करने के लिए जवाहर कला केन्द्र की ओर से युवा नाट्य निर्देशकों को अनुदान दिया जाता है।


### श्रमदान कर दिया ग्रीनरी का मैसेज



**बेधड़क, जयपुर।** मानसून की दस्तक के साथ ही जयपुराइट्स भी अधिक ऊर्जा के साथ प्लांटेशन करने के साथ पहले से लगे पेड़ों की देखभाल करने लगे हैं। इसी कड़ी में टीम 10 ट्री एंबुलेंस के मैंबर्स ने विद्याधर नगर के पुलिस थाने के सामने वाली ग्रीन बेल्ट में पौधारोपण और श्रमदान किया। टीम के अन्य ग्रुप ने दीवारों और रेलिंग पर रंग किया और कॉलोनी के बड़े लोहे के गेट पर ऑयल पेंट करते हुए सीमेंट की बेंच पर पेंट किया। पानी के टैंकर्स से पानी डालते हुए पेड़-पौधों की संभाल की गई तो विभिन्न गलियों से पिकअप द्वारा मलवा उठाया गया।

## डायरेक्टर शंकर की 'इंडियन 2' का ट्रेलर रिलीज

# कमल हासन भ्रष्टाचारियों से भिड़े, कर दिया नाक में दम



सुपरस्टार कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' साल 2024 की मच-अवेटेड फिल्म है। इस फिल्म का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज कर दिया गया। फिल्म के ट्रेलर में 69 साल के कमल हासन ने जमकर एक्शन दिखाया है। फिल्म 'इंडियन 2' के ट्रेलर में दिखाया गया है कि कमल हासन भ्रष्टाचारियों से भिड़ते नजर आ रहे हैं। वहीं, उनका रोल एक फ्रीडम फाइटर का दिखाया गया है। कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' का ट्रेलर रिलीज होने के बाद उनके तमाम चाहने वाले फैंस इस पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं। लोग इसे सिनेमाघरों में देखने के लिए एक्साइटेड हो गए हैं। कमल हासन की फिल्म के ट्रेलर में जमकर एक्शन की डोज दी गई है। बताते चलें कि फिल्म 'इंडियन 2' 12 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। शंकर के डायरेक्शन में बनने वाली इस फिल्म 'इंडियन 2' में कमल हासन के अलावा सिद्धार्थ, रकुल प्रीत सिंह, काजल अग्रवाल, गुलशन ग्रोवर, एसजे सूर्या जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। गौरतलब है कि कमल हासन की फिल्म 'इंडियन 2' उनकी 28 साल पहले आई फिल्म 'इंडियन' का सीक्वल है। फिल्म 'इंडियन' ने बॉक्स ऑफिस पर जमकर कमाई की थी।

## स्काउट-गाइड मंडल मुख्यालय में कैंप का समापन

# बेस्ट प्रतिभागियों को मिला सम्मान जनप्रतिनिधियों ने किया मोटिवेट



बेधड़क | जयपुर

कल्चरल एक्टिविटीज, ब्यूटिशियन वर्कशॉप, आर्ट एग्जिबिशन में युवाओं ने उत्साह दिखाया। फिर जब कैंप के बेस्ट प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया तो वे रोमांचित हो गए। जनप्रतिनिधियों ने भी युवाओं को मोटिवेट किया। मौका था राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड मंडल मुख्यालय जयपुर में एक महीने से चले समर कैंप के समापन समारोह का, जिसमें भाग लेने वाले प्रतिभागियों की प्रदर्शनी लगाई गई।

सीओ ऋतु शर्मा ने बताया कि समारोह में कल्चरल एक्टिविटीज, ब्यूटिशियन वर्कशॉप, आर्ट एग्जिबिशन सहित कैंप के बेस्ट प्रतिभागियों को मोटिवेट किया गया। सम्मानित प्रदर्शनी में मेहंदी, पेंटिंग्स, क्राफ्ट सहित अन्य कला प्रदर्शित की गई। समापन समारोह के मुख्य अतिथि विधायक गोपाल शर्मा रहे, जिनको युवाओं ने एस्कॉर्ट किया और समारोह स्थल तक लेकर आए। कल्चरल प्रोग्राम के बाद ग्रुप फोटो सेशन हुआ, जिसमें जनप्रतिनिधियों के साथ ही स्काउट अधिकारी केडेट्स के साथ शामिल हुए और खुशियां मनाईं। इस दौरान परफॉर्म करने वाले कैडेट्स ने परम्परागत परिधान पहनकर संस्कृति दर्शन कराए और सभी को प्रभावित किया।

**जन चेतना कार्यक्रम** | विश्व विटिलिगो दिवस पर विशेषज्ञों ने की चर्चा

# ल्यूकोडरमा के प्रति जागरूकता के पोस्टर का विमोचन

बेधड़क | जयपुर

विश्व विटिलिगो दिवस पर राजस्थान अस्पताल में जन चेतना कार्यक्रम व इस रोग के प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर का विमोचन किया गया। इस दौरान अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. विरेन्द्र सिंह, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश माथुर, अस्पताल मुख्य कार्यकारी डॉ. सर्वेश अग्रवाल, डॉ. वीणा आचार्य, शीतू सिंह समेत चिकित्सक मौजूद रहे।

डॉ. दिनेश माथुर ने बताया कि त्वचा पर सफेद दाग जिसे कई बार श्वेत कुष्ट या ल्यूकोडरमा के नाम से जाना जाता है। इस रोग में त्वचा को रंग प्रदान करने वाली कोशिकाओं जिसे मिलेनोसाइट कहते हैं में विकार के कारण धब्बे बन जाते हैं।




### अनुवांशिक कारणों से होती है यह बीमारी

डॉ. माथुर ने कहा कि विटिलिगो व बहुक्रियात्मक विकार है तथा कुछ हद तक विटिलिगो अनुवांशिक कारणों की वजह से होता है। इसके अलावा स्वयं की प्रतिरक्षा प्रणाली अपने ही शरीर के रंग बनाने वाले मिलेनोसाइट नामक कोशिकाओं को नष्ट करके सफेद चकत्ते बना देती है।

### अवरोधक दवाएं हो रही कारगर

विटिलिगो के उपचार के लिए हाल ही में शोध कार्यों द्वारा जेनस काईनेज अवरोधक दवाएं मेलानोसाइट के विनाश को कम करने के लिए कारगर दिखाई देती हैं। स्टेम सेल अनुसंधान में प्रगति प्रभावित क्षेत्रों में मेलानोसाइट्स को पुनर्जीवित करने की उम्मीद प्रदान करती हैं। आनुवंशिक अनुसंधानों द्वारा विटिलिगो से जुड़े विशिष्ट आनुवंशिक मार्करों की पहचान करने से अधिक लक्षित उपचार में प्रगति हो सकती हैं।

### यह रोग संक्रामक नहीं

डॉ. माथुर ने कहा कि एक मोटे अनुमान के तौर पर विश्व की 1 प्रतिशत लगभग यानी 7.8 करोड लोग इससे ग्रसित हो सकते हैं। इस रोग में लिंग या जातीयता का कोई पूर्वागृह नहीं होता। यह संक्रामक रोग भी नहीं है, लेकिन इसमें होने वाले रंगहीन धब्बे व्यक्ति के आत्म सम्मान और शारीरिक छवी को काफी हद तक प्रभावित करते हैं तथा व्यक्ति विशेषकर युवा किशोरियों में तनाव का महत्वपूर्ण कारण हो सकता है।



परमात्मा सब कुछ भूल जाने के बाद ही प्रकट होगा।
**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### गाजा में दो स्कूलों और एक सभा को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले

# इजराइली हमले में 26 फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी** | गाजा

इजराइल ने मंगलवार को गाजा सिटी के दो घरों, शहर के पूर्व और पश्चिम में विस्थापित लोगों के रहने वाले दो स्कूलों और एक सभा को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में कम से कम 26 फिलिस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। इजराइल के नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय ने एक बयान में कहा कि इजराइली सुरक्षा बलों ने गाजा शहर के पूर्व में अल-दारराज क्षेत्र में एक स्कूल और शहर के पश्चिम में अल शांति शिविर में एक अन्य स्कूल और अल-शुजाइया के पड़ोस में अल-जमीली परिवार के घर को निशाना बनाकर तीन हवाई हमले किए।



## अति-रूढ़िवादी लोगों को करनी चाहिए सेना में सेवा: इजराइली सुप्रीम कोर्ट

इजराइल के सर्वोच्च न्यायालय ने मंगलवार को सर्वसम्मति से फैसला सुनाया कि सेना को अति-रूढ़िवादी लोगों को सैन्य सेवा के लिए भर्ती करना शुरू करना होगा। यह निर्णय प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के शासन वाले गठबंधन के पतन का कारण बन सकता है, क्योंकि इजराइल गाजा में युद्ध जारी रखे हुए है। अदालत ने फैसला सुनाया कि यहूदी सेमिनरी छात्रों और अन्य भर्ती किए गए लोगों के बीच अंतर करने वाले कानून के अभाव में, इजराइल की अनिवार्य सैन्य सेवा प्रणाली अन्य नागरिकों की तरह अति-रूढ़िवादी लोगों पर भी लागू होती है। लंबे समय से चली आ रही व्यवस्था के तहत, अति-रूढ़िवादी पुरुषों को मसौदे से छूट दी गई है, जो कि अधिकांश यहूदी पुरुषों और महिलाओं के लिए अनिवार्य है। बहस के दौरान सरकारी वकीलों ने अदालत को बताया कि अति-रूढ़िवादी पुरुषों को भर्ती होने के लिए मजबूर करना इजराइली समाज को तोड़ देगा। अदालत का यह निर्णय ऐसे संवेदनशील समय पर आया है, जब गाजा में युद्ध नौवें महीने में प्रवेश कर चुका है तथा मृत सैनिकों की संख्या बढ़ती जा रही है। न्यायालय ने यह भी आदेश दिया कि उन सेमिनरियों के लिए राज्य सब्सिडी निलंबित रहेगी, जहां छूट प्राप्त अति-रूढ़िवादी पुरुष अध्ययन करते हैं। न्यायालय ने इस वर्ष की शुरुआत में सेमिनरी बजट को अस्थायी रूप से रोक दिया था। इसमें यह नहीं बताया गया कि कितने अति-रूढ़िवादी लोगों को भर्ती किया जाना चाहिए।

### अमेरिकी सरकार से डील के बाद जासूसी की बात स्वीकारी

# विकीलीक्स फाउंडर जूलियन असांजे जेल से रिहा

**एजेंसी** | वाशिंगटन

अमेरिका के जासूसी के आरोपों में बंद विकीलीक्स के फाउंडर जूलियन असांजे को मंगलवार को लंदन की जेल से रिहा कर दिया गया। असांजे ने अमेरिकी सरकार के साथ एक समझौते के तहत जासूसी की बात स्वीकार कर ली है।

52 वर्षीय असांजे बुधवार को अमेरिका की साइपन कोर्ट में पेश होंगे और आरोप स्वीकार करेंगे। असांजे को पहले ही 1901 दिन की सजा हो चुकी है, जिसके बाद उन्हें रिहाई मिली। अमेरिका के साथ हुए समझौते के तहत असांजे को 62 महीने की सजा दी जाएगी। इससे पहले ही असांजे ब्रिटिश जेल में सजा काट चुके हैं। लंदन के हाईकोर्ट ने उन्हें जमानत दे दी है और वे अपने देश ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गए हैं। असांजे की रिहाई की जानकारी विकीलीक्स ने सोशल मीडिया पर दी। उनकी पत्नी स्टेला ने भी समर्थकों का आभार व्यक्त किया।



#### भारतीय नेताओं के बारे में भी किए थे खुलासे

2011 में विकिलीक्स ने मायावती को तानाशाह और भ्रष्ट बताया था, जो सैंडल मंगवाने के लिए अपने निजी प्लेन को मुंबई भेजती थीं। इसी तरह, कमलनाथ पर भी आरोप लगे थे कि उन्होंने 1976 में न्यूक्लियर डील से जुड़ी गोपनीय जानकारी अमेरिका को दी थी।

#### अमेरिका ने लगाए थे जासूसी के आरोप

जूलियन असांजे ने 2010-11 में हजारों क्लासिफाइड डॉक्यूमेंट्स पब्लिक किए थे, जिसमें अफगानिस्तान और इराक युद्ध से जुड़े दस्तावेज भी शामिल थे। अमेरिका ने उन पर जासूसी का आरोप लगाया और यह भी कहा कि इन डॉक्यूमेंट्स के पब्लिक होने से कई लोगों का जीवन खतरे में पड़ गया था। असांजे ने इन आरोपों को हमेशा खारिज किया, लेकिन अब उन्होंने समझौते के तहत स्वीकार कर लिया है।

#### 2010 में लंदन से किया था अरेस्ट

असांजे को 2010 में स्वीडन की अपील पर लंदन में गिरफ्तार किया गया था, जहां उन पर रेप का आरोप था। स्वीडन भेजे जाने से बचने के लिए उन्होंने 2012 में लंदन में इक्वाडोर के दूतावास में शरण ली। 2019 में इक्वाडोर की सरकार ने शरण देने से इनकार कर दिया और असांजे को गिरफ्तार कर लिया गया। अमेरिका ने 2019 में असांजे पर हैकिंग की साजिश रचने का आरोप लगाया था और 23 मई 2019 को अमेरिका की ग्रैंड ज्यूरी ने असांजे के खिलाफ जासूसी के 18 केस दर्ज किए। इसके बाद से वह लंदन की बेलमार्श जेल में बंद थे। असांजे ने विकीलीक्स की स्थापना से पहले कम्प्यूटर प्रोग्रामर और हैकर के रूप में काम किया था।

### स्पेन ने यूक्रेन को मुहैया करायी पैट्रियट मिसाइलों का दूसरी खेप

कीव। रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध के बीच स्पेन ने यूक्रेन को पैट्रियट एंटी-एयरक्राफ्ट मिसाइलों के दूसरी खेप की आपूर्ति कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार दूसरे खेप की आपूर्ति में मिसाइलों के अलावा, शिपमेंट में लियोपार्ड टैंक, विभिन्न प्रकार के गोला-बारूद, एंटी-ड्रोन सिस्टम, ऑप्टिकल-इलेक्ट्रॉनिक निगरानी प्रणाली और रिमोट-नियंत्रित बुर्ज शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा कि मई के अंत में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने स्पेन की राजधानी मैड्रिड में एक द्विपक्षीय सुरक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते में अन्य बातों के अलावा मानवीय सहायता और बारूदी सुरंगों की सफाई शामिल थी।

### चीन ने रचा इतिहास

# चांद के अंधेरे हिस्से की मिट्टी लाया चीन

**एजेंसी** | बीजिंग

चीन ने अंतरिक्ष में एक बार फिर बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए इतिहास रचा है। चीन के रोबोटिक चांग'ई 6 मिशन ने मंगलवार को चंद्रमा के रहस्यमयी सुदूर भाग से सैंपल लेकर पृथ्वी पर लौट आया है। चांग'ई 6 का वापसी कैप्सूल चीन के इनर मंगोलिया स्वायत्त क्षेत्र में उतरा है। चांग'ई 6 में चार मॉड्यूल शामिल हैं। इसमें एक चंद्र लैंडर, एक रिटर्न कैप्सूल, एक ऑर्बिटर और एक एसेंडर (लैंडर द्वारा ले जाया जाने वाला एक छोटा रॉकेट) है। चीन ने इस मिशन को 3 मई को लॉन्च किया था। ये पांच दिन बाद चांद की कक्षा में पहुंचा था। 1 जून को लैंडर अपोलो क्रेटर के अंदर उतरा था, जो साउथ पोल-ऐटकेन (एसपीए) बेसिन के भीतर स्थित है। ये चांद के दूर वाले हिस्से पर 1,600 मील का क्षेत्र है। स्पेस डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन के लैंडर ने स्कूप और ड्रिल के इस्तेमाल से 4.4 पाउंड (2 किलोग्राम) चंद्र सामग्री एकत्र की। यह कीमती कार्गो 3 जून को एसेंडर पर लॉन्च किया गया और कुछ दिनों बाद मिशन के ऑर्बिटर से मिला। नासा के अनुसार, ऑर्बिटर ने अपने रिटर्न कैप्सूल में नमूने लेकर 21 जून के आसपास पृथ्वी की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। ये लंबी यात्रा मंगलवार की सुबह रिटर्न कैप्सूल के लैंडिंग के साथ समाप्त हो गई।



#### दुनिया का पहला देश बना चीन

चीन का चांग'ई 6 पहला मिशन नहीं है, जिसने चंद्रमा से सैंपल लेकर लौटने में कामयाबी हासिल की है। सोवियत संघ, अमेरिका और चीन का 2020 में लॉन्च किया गया चांग'ई 5 मिशन भी चंद्रमा से सामग्री वापस ला चुके हैं। हालांकि पिछले प्रयासों में सभी ने चंद्रमा के निकटवर्ती भाग से सैंपल और चट्टानें एकत्र कीं, जो हमेशा पृथ्वी की ओर रहता है। चांग'ई 6 ने चांद के दूर के हिस्से से सैंपल जुटाए हैं, जो निकट वाले हिस्से से बहुत अलग है। ऐसा करने वाला चीन पहला देश है। चांद का ये हिस्सा दूर का हिस्सा पृथ्वी से दूर की ओर है, इसलिए वहां काम करने वाले अंतरिक्ष यान से संवाद करने के लिए रिले उपग्रह की जरूरत होती है। ऐसे में वैज्ञानिक चांग'ई 6 के नमूनों को नजदीक से देखने के लिए उत्साहित हैं।

### बांग्लादेश का कुख्यात जल्लाद शाहजहां भुइयां का 74 साल में निधन

# दुनिया छोड़ गया 26 को फांसी देने वाला जल्लाद

**एजेंसी** | ढाका

बांग्लादेश का सबसे कुख्यात जल्लाद शाहजहां भुइयां 74 वर्ष की आयु में दुनिया को छोड़ गया। एक साल पहले ही उसे जेल से रिहा किया गया था। शाहजहां ने बांग्लादेश के सीरियल किलर, युद्ध अपराधों के दोषी विपक्षी नेताओं और तख्तापलट की साजिश रचने वालों को फांसी पर चढ़ा चुका है। जेल से रिहा होने के बाद शाहजहां ने 96 पन्नों की एक किताब भी लिखी। इसमें उसने जल्लाद के रूप में अपने अनुभव को साझा किया। यह किताब बांग्लादेश के सबसे बड़े पुस्तक मेले में बेस्ट सेलर रही।



एक रिपोर्ट के अनुसार, बंगबंधु के छह हत्यारों सहित 26 दोषियों को फांसी देने वाले 74 वर्षीय जल्लाद शाहजहां भुइयां को 'जोलाड शाहजहां' के नाम से जाना जाता है। ढाका के शहीद सुहरावर्दी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। शेर-ए-बांग्ला नगर थाने के जांच अधिकारी सोजिब डे के अनुसार सीने में दर्द शुरू होने के बाद उसे अस्पताल में ले जाया गया था।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl